Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 163 | रविवार, 15 जून -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## भारत-कनाडा रिश्तों में जमी बर्फ पिघली

# जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे पीएम मोदी

कुशल मेहरा।



इजरायल और ईरान में जंग के बीच भारतीय प्रधानमंत्री जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने कनाडा पहुंच रहे हैं। उन्हें कनाडा आने का कथित निमंत्रण न मिलने पर कांग्रेस इस नतीजे पर पहुंच गई थी कि भारतीय प्रधानमंत्री को जी-7 सम्मेलन में भाग लेने के लिए न बुलाया जाना मोदी सरकार की कमजोर कूटनीति का प्रमाण है। इसके बाद जब कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने मोदी को निमंत्रण दे दिया तो कहा गया कि यह देर से दिया गया, लेकिन आखिर देरी को कैसे परिभाषित किया जाएगा? वैसे भारतीय प्रधानमंत्री को जी-7 में भाग लेने के लिए निमंत्रण देने को लेकर कनाडा में भी सवाल उठे। इनका जवाब देते हुए मार्क कार्नी ने कहा था कि भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के साथ कई आपूर्ति श्रृंखलाओं के केंद्र में है। मार्क कार्नी ने खालिस्तान समर्थक आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में तथाकथित भारतीय एजेंटों का हाथ होने के आरोपों की जांच से जुड़े सवाल पर कहा था कि कानूनी एजेंसिया अपना काम कर रही हैं। यह समझा जाना चाहिए कि मार्क कार्नी का भारत समेत अन्य अनेक मामलों में पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से अलग रवैया है। इसका प्रमाण यह खबर है कि भारत और कनाडा आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए एक-दूसरे से खुफिया जानकारी साझा करेंगे। मार्क कार्नी तब कनाडा के अंतरिम पीएम बने थे, जब घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मामलों में अपने रवैये के कारण जस्टिन ट्रूडो की फजीहत हो गई थी। उनकी ही पार्टी की ओर से उन पर प्रधानमंत्री पद छोड़ने का दबाव था।

> कनाडा–भारत संबंध बिगड़ने के लिए जस्टिन ही जिम्मेदार थे। वे अपने कार्यकाल में खालिस्तान समर्थकों को खुश करने में लगे रहे और तब तो ऐसा करना उनकी मजबूरी हो गई थी, जब अपनी अल्पमत सरकार चलाने के लिए वे खालिस्तान समर्थक जगमीत सिंह की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी( एनडीपी) के समर्थन के मोहताज हो गए थे।

## प्रथामिकता दुश्मन को जवाब देना'



**तेहरान।** ओमान की राजधानी मस्कट में रविवार को ईरान और अमेरिका के बीच होने वाली परमाणु वार्ता रद्द कर दी गई है। मामले में ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माईल बकाई ने कहा कि अमेरिका हमलावर का साथी है, ऐसे हालात में बातचीत का कोई मतलब नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि फिलहाल ईरान की प्राथमिकता अब दुश्मन के हमलों का जवाब देना है। ईरान और इस्राइल के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। इसी बीच ईरान और अमेरिका के बीच रविवार को ओमान की राजधानी मस्कट में होने वाली परमाणु वार्ता भी रद्द कर दी गई है। इस बात पर ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माईल बकाई ने शनिवार को कहा कि अमेरिका के साथ आगे होने वाली परमाणु बातचीत का अब कोई मतलब नहीं रह गया है।

## || सार संक्षेप


### दुर्घटनाग्रस्त विमान की समग्र जांच दिसंबर में होनी थी, मार्च में हुई थी इंजन की मरम्मत

नई दिल्ली।



अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान की जून 2023 में समग्र रखरखाव जांच हुई थी और इस साल दिसंबर में उसकी फिर से समग्र जांच निर्धारित थी। इस साल मार्च में इसके इंजन की मरम्मत हुई थी। अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि विमान वीटी-एएनबी की जून 2023 में 'सी' (काम्प्रिहेंसिव) यानी व्यापक जांच हुई थी और अगली ऐसी जांच इस साल दिसंबर में निर्धारित थी। 'सी' जांच एआइ इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड (एआइईएसएल) द्वारा की गई थी। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 12 साल पुराने विमान के दाहिने हिस्से के इंजन की मरम्मत मार्च 2025 में की गई थी, जबकि बाएं हिस्से के इंजन का निरीक्षण इंजन निमार्ता के प्रोटोकाल के अनुसार अप्रैल 2025 में किया गया था।

### दिल्ली में तेज हवाओं के साथ कई इलाकों में हुई बारिश



नई दिल्ली।

राष्ट्रीय राजधानी में सुबह तड़के अचानक मौसम बदल गया और यहां तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई, जिससे गर्मी से राहत मिलेगी। भारतीय मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों के लिए दिल्ली एनसीआर में भयंकर तूफान और तेज हवा की चेतावनी जारी की है। बता दें दिल्ली का तापमान 41 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है। मौसम विभाग ने शाम या रात में तेज हवा, आंधी के साथ हल्की वर्षा होने का पूवार्नुमान और ऑरेंज अलर्ट जारी किया था, लेकिन रात साढ़े आठ बजे तक कहीं बूंदाबांदी भी नहीं हुई और उमस भरी गर्मी बनी रही। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.9 डिग्री सेल्सियस अधिक है। लेकिन गर्मी वास्तविक तापमान से कहीं अधिक महसूस हुई। यही वजह है कि रात आठ बजे भी दिल्ली में हीट इंडेक्स 51.8 डिग्री सेल्सियस था। न्यूनतम तापमान 29.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस अधिक है। आया नगर में तापमान सबसे अधिक 42.2 डिग्री सेल्सियस रहा। इस वजह से आया नगर में गर्मी सबसे ज्यादा रही।

## इजरायल-ईरान लड़ाई के दुष्परिणाम को लेकर बढ़ी चिंता



नई दिल्ली।

इजरायल ने सैन्य कार्रवाई के तहत शुक्रवार को ईरान पर हवाई हमले किए। ईरान ने भी पलटवार किए। इजरायल और ईरान के बीच हवाई हमलों की बौछार हुई। इस बीच इजरायल-ईरान संघर्ष के दुष्परिणाम को लेकर चिंता बढ़ गई है। हालांकि अमेरिका ने कहा है कि उसने इजरायली हमलों का समर्थन नहीं किया, लेकिन ईरान का स्पष्ट रूप से मानना है कि अमेरिकी सेना ने इजरायली हमलों का समर्थन किया था। ऐसे में ईरान पश्चिम एशिया में अमेरिकी ठिकानों- जैसे इराक में विशेष बलों के शिविर, खाड़ी में सैन्य अड्डे और क्षेत्र में राजनयिक मिशनों को निशाना बना सकता है।

## इजरायल ने ईरान की गैस रिफाइनरी पर किया हमला

यरुशलम।



> बर्बाद हुआ डिफेंस सिस्टम

इजरायल लगातार ईरान पर हवाई हमले कर रहा है। एपी के मुताबिक, ईरानी समाचार एजेंसियों ने बताया कि शनिवार को एक इजरायली ड्रोन ने ईरान के साउथ पारस गैस क्षेत्र में एक रिफाइनरी पर हमला किया। हालांकि अभी इस हमले की पुष्टि होना अभी बाकी है। अगर इसकी पुष्टि हो जाती है, तो यह ईरान के तेल और प्राकृतिक गैस उद्योग पर पहला इजरायली हमला होगा। इजरायल ने हमले की तुरंत पुष्टि नहीं की। ऐसी साइटों के आसपास वायु रक्षा प्रणालियाँ होती हैं, जिन्हें इजरायल शुक्रवार से निशाना बना रहा है। ईरान, कतर के साथ गैस क्षेत्र साझा करता है, जो फारस की खाड़ी में फैला हुआ है। वहीं, अगर तेल रिफाइनरी के क्षेत्र पर हमला होता है तो जाहिर है तनाव और अधिक बढ़ने के आसार हैं। इजरायल की सेना ने कहा है कि इजरायली वायुसेना ने ईरान की राजधानी तेहरान के आकाश में उड़ने की स्वतंत्रता प्राप्त कर ली है। ऐसा ईरानी डिफेंस सिस्टम को ध्वस्त करने के बाद संभव हो पाया। इजरायल की सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल एफी डफरिन ने बताया कि ईरानी डिफेंस सिस्टम को शुक्रवार रात इजरायली हमले से पहले मोसाद के ड्रोन हमलों ने बर्बाद कर दिया था। इसी के कारण इजरायल के 200 लड़ाकू विमान ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों और सैन्य ठिकानों पर प्रभावी कार्रवाई कर पाए। इसके बाद भी इजरायली हमलों में ईरान के डिफेंस सिस्टम को लगातार निशाना बनाया गया। इसी का नतीजा रहा कि शुक्रवार-शनिवार की रात 70 इजरायली विमानों ने ईरान में घुसकर प्रभावी कार्रवाई की। इस दौरान उन्हें किसी प्रतिरोध का सामना नहीं करना पड़ा। इजरायली सेना ने इजरायल के दो एफ-35 विमानों को मार गिराने के ईरानी दावे को गलत बताया है। कहा है कि कार्रवाई के लिए ईरान गए उसके सभी विमान लक्ष्यों को प्राप्त कर सुरक्षित वापस आए हैं। प्रवक्ता ने कहा कि ईरान पर कार्रवाई की योजना वर्षों पूर्व बनाई गई और यह कई महीने चलने वाली लड़ाई को ध्यान में रखकर बनाई गई है। हम एक के बाद दूसरे और फिर तीसरे खतरे को खत्म करते जा रहे हैं।

## संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने रखी आधारशिला

# दिल्ली विधानसभा होगी पेपरलेस ई-विधान परियोजना की शुरूआत



**नई दिल्ली।** शनिवार को केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की मौजूदगी में ई-विधान परियोजना की आधारशिला रखी। यह परियोजना विधानसभा को पूरी तरह पेपरलेस और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। दिल्ली के पुराने सचिवालय स्थित विधानसभा परिसर में ई-विधान (पेपरलेस असेंबली) के शिलान्यास समारोह के दौरान केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता। दिल्ली विधानसभा डिजिटल युग में कदम रख रही है। शनिवार को केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की मौजूदगी में ई-विधान परियोजना की आधारशिला रखी। यह परियोजना विधानसभा को पूरी तरह पेपरलेस और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। मानसून सत्र से पहले कार्य पूरा हो जाएगा। परियोजना दिल्ली को डिजिटल गवर्नेंस और पर्यावरण अनुकूल शासन कि दिशा में आगे बढ़ाएगी। सभी विधायी कामकाज एक डिजिटल मंच (नेवा) पर होंगे, इससे विधानसभा में मैनुअल प्रक्रियाओं में कमी आएगी, समय की बचत होगी।


> जनता और विधायकों को सटीक जानकारी मिलेगी। विधानसभा के दस्तावेज जैसे विधेयक, रिपोर्ट, प्रश्नोत्तरी और नोटिस डिजिटल रूप में उपलब्ध होंगे, जिससे कागज का उपयोग खत्म होगा और पर्यावरण को लाभ मिलेगा। इस मौके पर किरेन रिजिजू ने कहा कि ई–विधान परियोजना विधानसभा की कार्यवाही को पारदर्शी, तेज और सुरक्षित बनाएगी। यह सिर्फ कागज रहित व्यवस्था नहीं, बल्कि जनता की भागीदारी और डिजिटल सुरक्षा को बढ़ाने का प्रयास है। कई राज्यों में यह प्रणाली पहले से कामयाब है और अब दिल्ली भी इस दिशा में आगे बढ़ रही है।

## अमेरिका में होटल, रेस्तरां पर छापेमारी रोकने का आदेश

**रॉयटर, लॉस एंजिलिस।** आव्रजन कानूनों के सख्ती से अमल के खिलाफ अमेरिका के लॉस एंजिलिस में विरोध प्रदर्शनों के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने प्रवासन अधिकारियों को कृषि उद्योग, होटलों और रेस्तरां में छापों और गिरफ्तारियों को रोकने का निर्देश दिया है। यह आदेश शनिवार से प्रभावी हो रहे हैं। न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार यह कदम इसलिए उठाया गया क्योंकि बड़े पैमाने पर निर्वासन कार्रवाई से कृषि उद्योगों को नुकसान पहुंच रहा था।

## राष्ट्रपति ट्रंप और पुतिन ने पश्चिम एशिया के संघर्ष पर की बात, यूक्रेन से तनाव पर भी चर्चा

नई दिल्ली।



पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को कम करने की वैश्विक अपीलों के बीच आज अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के बीच फोन पर बात हुई। फोन पर बातचीत के दौरान दोनों ने ईरान और इस्राइल के हालिया टकराव पर चर्चा हुई। इसके अलावा दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से अधिक समय से जारी संघर्ष पर भी बातचीत की। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिम एशिया में हालिया संघर्ष के बाद तनाव बढ़ने को लेकर बात की। दोनों के बीच यूक्रेन के साथ तीन साल से अधिक समय से जारी टकराव को लेकर भी चर्चा हुई।

## राजा रघुवंशी की हत्या के बाद इंदौर में रेंट के मकान में रह रही थी सोनम

नई दिल्ली।



> राज कुशवाहा ने ऑनलाइन भिजवाया था राशन

राजा रघुवंशी मर्डर में एक नई जानकारी सामने आयी है। पुलिस को पता चला है कि राजा की हत्या के बाद सोनम ने इंदौर में एक किराये के घर में पनाह ली थी। पुलिस के मुताबिक, इस खौफनाक साजिश में सोनम के साथ चार और लोग शामिल थे। इस मकान को विशाल सिंह चौहान ने किराए पर लिया था। विशाल भी इन चार आरोपियों में शामिल था। एनडीटीवी ने पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया कि ये मकान विशाल के घर से पांच किलोमीटर दूर था और 30 मई को किराए पर लिया गया था। मकान लेते वक्त पुलिस वेरिफिकेशन भी हुई थी। विशाल ने खुद को इंटीरियर डिजाइनर बताया और कहा कि उसे रहने के लिए मकान चाहिए। सोनम ने ही मकान मालिक को 16,000 रुपये बतौर एडवांस दिए थे। पुलिस ने खुलासा किया कि सोनम का कथित प्रेमी राज कुशवाहा ने सोनम के लिए इस मकान में 5,000 रुपये का राशन ऑनलाइन मंगवाया था। बता दें शादी के बाद हनीमून के नाम पर घर से निकले राजा रघुवंशी और सोनम रघुवंशी की 23 मई को दोनों के लापता होने की जानकारी सामने आई। 2 जून को खाई में राजा रघुवंशी का शव मिला, पर सोनम का कोई पता नहीं चला। कई कयासों और अनुमानों के बीच 9 जून को सोनम गाजीपुर में मिली। इसके बाद चौंकाने वाले खुलासे हुए। पति की हत्या में पत्नी सोनम का हाथ होने की बात पुलिस ने कही। मामले में चार अन्य आरोपी भी गिरफ्तार कर लिए गए।

## संपादक की कलम से

# सदी का त्रासद विमान हादसा

अहमदाबाद विमान हादसा इस सदी की सबसे भयावह त्रासदी है। देश ही नहीं, दुनिया भी स्तब्ध है कि इतना खौफनाक हादसा कैसे हुआ? नियति का निर्णय था, लिहाजा एक यात्री, विश्वास कुमार रमेश, जिंदा भी बच गया। यह कुदरती चमत्कार ही है। अलबत्ता विमान में सवार सभी यात्री, दो पायलट और 10 क्रू मेंबर की हादसे में मौत हो गई। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी और कुछ उद्योगपति भी यात्रियों में शामिल थे। यात्रियों में 217 वयस्क, 11 बच्चे और 2 नवजात शिशु थे। यह नियति का बेहद क्रूर न्याय है। जीवन छीनना था, तो प्राण ही क्यों दिए? हैरत है कि नियति ने सभी की मौत एक साथ, एक ही विमान में, तय कर रखी थी! एयर इंडिया की उड़ान एआई-171 में 169 भारतीयों के अलावा 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और 1 कनाडाई यात्री सवार थे। उड़ान को लंदन जाना था। पल भर में ही तमाम ख्वाहिशें, सपने, परिवार चिंदी-चिंदी हो गए। जीवन राख बन गया। बहरहाल अब जांच का दायरा अंतरराष्ट्रीय हो गया है। अंतरराष्ट्रीय नागरिक विमानन संगठन को 30 दिनों के भीतर रपट सौंपनी होगी। बुनियादी जांच एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इनवेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) ही करेगा, जो भारत सरकार के नागरिक विमानन मंत्रालय से ही संबद्ध एक कार्यालय है। भारतीय वायुक्षेत्र में सभी गंभीर विमान हादसों की जांच यही ब्यूरो करता है। बहरहाल सभी रपटों को सार्वजनिक जरूर किया जाए, ताकि आम आदमी भी हादसे के कारण जान सके। यह विमान हादसा सबसे त्रासद इसलिए है, क्योंकि विमान एक मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल की इमारत से टकराया और उसका एक हिस्सा इमारत में ही फंसा रह गया। वह दोपहर का भोजन करने का समय था, लिहाजा मेस में कुछ डॉक्टर, एमबीबीएस छात्र, नर्सिंग छात्र और अन्य खाना खा रहे थे। विमान वज्रपात की तरह क्रैश हुआ और धडकती जिंदगियों को पल भर में ही लाश बना दिया। कुछ तो विमान की आग के तापमान में जल कर खाक हो गए। ऐसी मौतों की संख्या 27 बताई गई है और 20 डॉक्टर लापता बताए जा रहे हैं। कितनी भयावह त्रासदी है यह! मन चीत्कार कर रहा है। मौतों की पुष्टि के बाद ही अधिकृत आंकड़ा देना नैतिक होगा।



ललित शर्मा
संपादक

वैसे दुनिया के सामने सब स्पष्ट है कि कितना विध्वंसक हादसा है यह! इसे सामान्य घटना तो कोई मान ही नहीं सकता, लेकिन अचंभा है कि बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर सरीखा आधुनिक, विकसित और सबसे अधिक भरोसेमंद विमान इस तरह दुर्घटनाग्रस्त कैसे हुआ? बोइंग विमान के 14 साल के सफर में 1175 विमानों में, 2100 उड़ानें प्रतिदिन के हिसाब से, 1 अरब से अधिक यात्री अब तक उड़ान भर चुके हैं। एक भी ड्रीमलाइनर विमान क्रैश नहीं हुआ। इसे लंबी दूरी का सबसे विशिष्ट विमान माना जाता है। दुनिया की बड़ी विमानन कंपनियां इन्हीं विमानों का इस्तेमाल करती रही हैं, लेकिन खूबियों के बावजूद ड्रीमलाइनर विमान में तकनीकी खामियां भी सामने आती रही हैं। ये खामियां भारतीय संसद में भी गूंज चुकी हैं। अधिकतर विशेषज्ञों के आकलन हैं कि विमान के दोनों इंजन बंद हो गए, लिहाजा विमान को थ्रष्ट नहीं मिल पाया, नतीजतन 625 फीट तक उड़ान भरने के बाद विमान ऊपर नहीं जा सका। अंततः नीचे आकर क्रैश हो गया। विशेषज्ञ यह सवाल भी करते हैं कि अचानक दोनों इंजन कैसे फेल हो गए? विमान में जीई कंपनी के इंजन लगाए जाते हैं, जो सबसे विश्वसनीय माने जाते रहे हैं। विमान से ईंधन लीक होने, लीथियम बैटरी, कम्प्यूटर चिप संबंधी चेतावनियां सामने आती रही हैं। बैटरी के कारण ज्यादा हीटिंग भी एक भयंकर समस्या है। ये चिप ऐसी हैं, जिन्हें हैक किया जा सकता है।

## डॉ. राजेश कुमार शर्मा



### प्लास्टिक मुक्त परिवेश बनाओ

कविता

प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करना है।
इस वर्ष पर्यावरण दिवस की थीम है।।

सिंगल यूज प्लास्टिक का हमें उपयोग रोकना है।
पर्यावरण व मानव स्वास्थ्य बचाना है।।

प्लास्टिक प्रदूषण से जमीन,पानी ,वायु प्रदूषित हो रही है।
वन्य जीवों को प्लास्टिक प्रदूषण से तकलीफ हो रही है।।

आठ मिलियन टन प्लास्टिक महासागर में मिल रहा है।
इसलिए पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ रहा है।।

आओ अधिक से अधिक मिलकर पेड़ लगाएं।
पर्यावरण बचाने में आगे आकर अपनी भूमिका निभाएं।।

बाजार जब भी जाओ जुट या कपड़े का थैला ले जाओ।
पॉलीथिन में खाद्य पदार्थ घर पर कभी न लाओ।।

प्लास्टिक कचरा मिट्टी को दूषित कर रहा है।
मिट्टी की उर्वरता कम कर ये जहरीले रसायन फैला रहा है।।

प्लास्टिक कभी न सड़ता है न ही गलता है।
इसके कारण आग लगने का खतरा बढ़ता है।।

प्लास्टिक जब जलता है विषैली गेस छोड़ता है।
यह गेस बातावरण को प्रदूषित करता है।।

कपड़े के थैले ,धातु के जग का उपयोग करें।
प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने का आओ संकल्प करें।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# भारत माता की मिट्टी में भारतीय संस्कारों की स्वर्णिम खान



गोंदिया

विश्व में अगर माननीय संस्कारों, मानवीय मूल्यों, परोपकार, धार्मिक आस्था, करुणा, दया, दिल में रहम, जुबान नरम इत्यादि अनेक शब्दों से हम माननीय संस्कारों की व्याख्या कर सकते हैं जो भारत की मिट्टी में कूट-कूट कर भरी है। साथियों मेरा ऐसा मानना है कि भारत में जन्में व्यक्ति के अंदर दया दृष्टि, परोपकार, धार्मिक आस्था, सामाजिक सहयोग, इत्यादि अनेक गुण जरूर भरे होंगे। हालांकि इसके विपरीत बहुत कम प्रतिशत ऐसे लोग मिलेंगे। परंतु मैं विश्वास से कह सकता हूं कि उनमें भी बेसिक गुण आंतरिक रुप में रग रग में समाए हैं। बस जरूरत है उनका उपयोग करने की। भारत में जन्मे मानव की अंतरात्मा कहीं ना कहीं, कभी ना कभी, भारतीय संस्कारों के मूल्यों को लेकर जागृत जरूर है या एहसास जरूर दिलाती है। उन विपरीत लोगों के दिल में कहीं ना कहीं कभी ना कभी जरूर आएगा कि हम गलत थे। बस यही प्रमाण मिल जाता है कि भारतीय मिट्टी में ही मानवीय संस्कारों की जड़ कूट-कूट कर भरी है। इसका जीता जागता उदाहरण हमने पिछले दो सालों में भारतीय संकटकालीन स्थिति कोरोना महामारी की पीक स्थिति में हमें देखने को मिली थी कि किस तरह अनेक सामाजिक संस्थाएं, पड़ोसी, अनजान शख्स, इस संकटकालीन स्थिति में एक दूसरे का साथ देकर मानवता का परिचय दे रहे थे। इस आपातकाल के समय में हर भारतीय नागरिक का यह कर्तव्य हो गया था और अभी वर्तमान समय में उन विपरीत परिस्थितियों से सीख लेकर दिमाग ठंडा, दिल में रहम, जुबा नरम, आंखों में शर्म, जैसे मानवीय मूल्यों को सजगता, संयमता, सुदृढ़ता, सक्रियता, संकल्प के रूप में, सकारात्मकता के साथ, एक अनिवार्य कड़ी के रूप में अपनाना मानवीय मूल्यों को सजग रखने के लिए अनिवार्य हो गया है। साथियों आज हमारे पास अब अवसर है कि इन अनमोल मानवीय मूल्यों को अपने ऊपर हावी करें ताकि हमें भविष्य में इन माननीय मूल्यों का लाभ मिले। मानवीय जीवन में अनेक ऐसी विपरीत परिस्थितियां आती है जब काल रूपी विपत्तियां उस पर अटैक करती है, भविष्य में अगर किसी के ऊपर कोई निजी रूप से भी इस तरह के संकट की घड़ी आती है तो इन उपरोक्त मानवीय मूल्यों, संस्कारों, मंत्रों, के बल पर अपने निजी या व्यक्तिगत विपरीत परिस्थिति से जंग भी जीत सकते हैं। साथियों बात अगर हम दिमाग ठंडा, रखने की करें तो सारी विपरीत परिस्थितियों विपत्तियों, आपातकाल परेशानियों, से जंग जीतने का यह कारगर और सटीक मंत्र है। दूसरे शब्दों में गुस्सा विपरीत परिस्थितियों का यह खाद पानी है। स्वाभाविक रूप से ऐसी मुश्किलों में मानव को गुस्सा आता ही है और अपना आपा खो बैठता है जो उसके इस मंत्र से हारने का कारण बनता है। मेरा मानना है कि हर अपराध का बेसिक कारण गुस्सा है जिसमें मनुष्य अपने आपे से बाहर होकर कुछ कर बैठता है फिर पछतावा होता है। साथियों बात अगर हम दिल में रहम, की करें तो यह मंत्र भारतीय मिट्टी ने ही हमको दिया है।दूसरे की विपत्तियां, परेशानियां देख कर हमारे मन में मानवता जगती है, जिसमें उन विपत्तियों में घिरे लोगों की सहायता करने का भाव उत्पन्न होता है, जो हम अभी कोरोना काल में देख रहे हैं कि आज हर भारतीय एक दूसरे की सहायता करने उमड़ पड़े हैं कोई औपचारिक रूप से, तो कोई अनऔपचारिक रूप से याने छिपे रूप से सहायता कर रहे हैं। अतः हर मानव के दिल में रहम का भाव पालना नितांत आवश्यक व जरूरी है। साथियों बात अगर हम जुबा नरम, होने की करें तो यह मंत्र भी भारतीय मिट्टी से ही उत्पन्न संस्कारों से मिलता है मुंह से अल्फाज हमेशा मीठे निकालें, कटु अल्फाज हमेशा कटुता और दुश्मनी को बढ़ाने का काम करते हैं। जो कम से कम भारतीय तो कभी नहीं चाहेंगे। हमेशा मुंह से शब्द नापतोल के और सकारात्मक औचित्य में निकलना चाहिए। यह संबंधों को प्रगाढ़य और मधुर करने में अहम रोल अदा करता है।

यह संस्कारों रूपी अस्त्र विश्व प्रसिद्ध है कि भारत की वार्ता, संबोधन शैली, संप्रेषण शैली, हमेशा सकारात्मक और अर्थपूर्ण होती है। अतः हर भारतीय नागरिक को इस मंत्र को आपातकालीन अवस्था में अपनाना अनिवार्य है। जिसमें भविष्य की सुरक्षा का बोध है।

> साथियों बात अगर हम आंखों में शर्म की करें तो हम बड़े बुजुर्गों से सुनते आ रहे हैं कि गलत आदमी कभी भी आंख मिला कर बात नहीं कर सकता। सच्चाई पर चलने वाले ही सच्चे देशभक्त और पारदर्शिता पूर्ण व्यक्ति होते हैं। हम दो साल पहले कोरोना आपातकाल में देख रहे थे कि मानव के प्राणों की रक्षा करने वाले महत्वपूर्ण मेडिकल संसाधनों, ऑक्सीजन, रेमीडेसिविर इंजेक्शन, दवाइयां, वेंटीलेटर, कंसंट्रेटर इत्यादि संसाधनों की कालाबाजारी गैंग, महामारी के खलनायक, काम कर रहे थे? क्या वे किसी से आंखों में आंखें डाल कर बात कर सकते थे? जो दूसरे मनुष्य के प्राण की कीमत पर नाजायज धन उगाने का काम कर रहे थे। उनकी आंखों में भी शर्म कभी नहीं हो सकती।अत: यह जरूरी है कि हम ऐसा कोई अस्वस्थ, गैरमानवतापूर्ण और दूसरों को दुख पहुंचाने वाला कार्य नहीं पर हमें अपनी आंखों में सच्चाई, ईमानदारी,नैतिकता, के गुणों और शर्म को के मंत्र को भी अनिवार्य रुप से अपनाना है। अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अपने जीवन को सुखमय बनाने के लिए उपरोक्त चारों मंत्रों का स्वत: संज्ञान लेकर पालन करें।

# पारंपरिक खेलः शारीरिक, मानसिक एवं संज्ञानात्मक विकास का आधार



श्याम कुमार कोलारे

मनुष्य के विकास में खेलों की भूमिका सदियों से महत्वपूर्ण रही है। विशेष रूप से पारंपरिक खेल न केवल मनोरंजन का साधन रहे हैं, बल्कि वे बच्चों और युवाओं के शारीरिक, मानसिक, संज्ञानात्मक, सामाजिक और नैतिक विकास में भी अत्यंत सहायक सिद्ध हुए हैं। परंतु वर्तमान समय में आधुनिकीकरण, शहरीकरण और मोबाइल क्रांति ने इन खेलों की जगह आधुनिक डिजिटल खेलों को दे दी है, जिससे बच्चों का जीवन-शैली और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। भारत की सांस्कृतिक विरासत में पारंपरिक खेलों का विशेष स्थान रहा है। कबड्डी, खो-खो, कुश्ती, कंचे, लंगड़ी टांग, पिट्ठू, गिल्ली-डंडा, टायर दौड़, लुका-छिपी, गदा-पीठी, घरगुला आदि खेल गाँवों और शहरों दोनों में लोकप्रिय थे। इन खेलों में केवल मनोरंजन ही नहीं था, बल्कि इनमें जीवन के लिए आवश्यक अनेक गुण भी छिपे होते थे। पारंपरिक खेलों में दौड़ना, कूदना, झुकना, पकड़ना, गिरना और उठना जैसी गतिविधियाँ होती हैं, जो बच्चों की मांसपेशियों, हड्डियों और सहनशक्ति को मजबूत बनाती हैं। बच्चे खुले मैदान में खेलने से ताजा हवा और प्राकृतिक धूप का भी लाभ लेते थे, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती थी। इन खेलों में निर्णय लेने, रणनीति बनाने, प्रतिक्रिया देने और समस्याओं का हल निकालने जैसी क्षमताओं का विकास होता था। उदाहरण के लिए, कबड्डी और खो-खो जैसे खेलों में तेजी से सोचने और प्रतिक्रिया देने की क्षमता बढ़ती है। यह बच्चों में स्मरण शक्ति, ध्यान केंद्रित करने की क्षमता और तार्किक सोच को भी मजबूत बनाता है। ये खेल सामूहिक होते थे, जिससे बच्चों में टीमवर्क, सहयोग, नेतृत्व, और सहानुभूति जैसे गुण विकसित होते थे। साथ ही, जब बच्चे हारते थे तो वे सीखते थे कि हार भी जीवन का हिस्सा है और इससे हतोत्साहित होने की बजाय अगली बार और बेहतर करने की कोशिश करनी चाहिए। यही जीवन की असली सीख है। पारंपरिक खेलों के जरिए बच्चे ईमानदारी, अनुशासन, सहिष्णुता और दूसरों के प्रति सम्मान जैसे मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करते थे। कोई भी खेल बिना नियमों के नहीं चलता, और इन्हीं नियमों के पालन से नैतिकता की नींव पड़ती है। वर्ष 2000 के बाद, जब मोबाइल और कंप्यूटर तकनीक ने दुनिया में क्रांति ला दी, तब इसका सीधा असर बच्चों के खेलने के तौर-तरीकों पर पड़ा। स्मार्टफोन, वीडियो गेम, टैबलेट, और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ने बच्चों को घर के अंदर कैद कर दिया। अब बच्चे खुले मैदान की जगह छोटे स्क्रीन पर समय बिताने लगे हैं। इस बदलाव से बच्चों का शारीरिक विकास बाधित हो रहा है। दिनभर बैठकर गेम खेलने से मोटापा, आंखों की कमजोरी, पीठ और गर्दन में दर्द, और यहां तक कि मानसिक तनाव की समस्या भी बढ़ रही है। 5 से 10 वर्ष की आयु में चश्मा लगना अब आम बात हो गई है, जो पहले बहुत कम होता था। डिजिटल गेम्स जहां बच्चों को कल्पनाओं की दुनिया में ले जाते हैं, वहीं उनमें सामाजिक सहभागिता की कमी होती है। बच्चा अपने दोस्तों के साथ मिल-जुलकर खेलने और संवाद करने की बजाय मोबाइल स्क्रीन पर एकाकी समय बिताता है। इससे सामाजिक कौशल, आत्मविश्वास और भावनात्मक बुद्धिमत्ता का विकास रुक जाता है। इसके विपरीत पारंपरिक खेलों में आपसी बातचीत, सहयोग और प्रतिस्पर्धा के साथ संतुलन बना रहता है, जो एक संपूर्ण व्यक्तित्व निर्माण के लिए आवश्यक है। पारंपरिक खेलों का एक और बड़ा लाभ यह था कि वे बच्चों को प्राकृतिक वातावरण के प्रति अनुकूल बनाते थे। बच्चे गर्मी, सर्दी, और बारिश जैसे मौसमों में भी खेलने जाते थे, जिससे उनका शरीर मौसम के प्रति सहनशील बनता था। आज के बच्चे मामूली बदलाव में भी बीमार पड़ जाते हैं, क्योंकि वे घरों में बंद रहते हैं और प्रकृति से जुड़ाव नहीं रख पाते। आज समय की आवश्यकता है कि हम पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करें। इसके लिए सबसे पहले माता-पिता और शिक्षकों को जागरूक होना पड़ेगा। वे बच्चों को इन खेलों से परिचित कराएँ, उनके साथ समय बिताएँ और उन्हें प्रोत्साहित करें कि वे मोबाइल और टीवी से दूर रहकर खुली हवा में खेलें। विद्यालयों में इन खेलों को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। स्पोर्ट्स पीरियड में सिर्फ क्रिकेट या फुटबॉल ही नहीं, बल्कि पारंपरिक खेलों का भी आयोजन होना चाहिए।

स्थानीय स्तर पर खेल मेले, प्रतियोगिताएँ और कार्यशालाएँ आयोजित की जा सकती हैं, जिनमें बच्चे भाग लेकर इन खेलों को सीखें और अपनाएँ। इसके अतिरिक्त सरकार और गैर-सरकारी संगठनों को भी इस दिशा में काम करना चाहिए। पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए नीति बनाई जानी चाहिए, जिसमें इन खेलों के प्रचार-प्रसार, खेल के मैदानों के निर्माण और प्रशिक्षकों की नियुक्ति पर विशेष ध्यान दिया जाए। पारंपरिक खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाले साधन हैं।

# वैश्विक-युद्ध का नया त्रिकोण? इजरायल ईरान और अमेरिका

अब अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में नया और खतरनाक मोड़ ले लिया है नए संदर्भ में इजरायल ईरान और अमेरिका की भूमिका काफी खतरनाक और संदिग्ध हो गई है युद्ध का जुनून ईरान द्वारा परमाणु ईंधन यूरेनियम के भंडारण तथा उपयोग को लेकर अमेरिका तथा इसराइल के सिर पर चढ़कर बोलने लगा है 13 जून को इजराइल का ईरान पर बड़ा हमला दोनों शत्रुओं के बीच कई दशकों पुरानी दुश्मनी का नतीजा है। इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनाहु काफी लंबे समय से ईरान को अपना सबसे बड़ा दुश्मन और खतरा बताते आ रहे हैं। इसराइल ने ईरान पर हमले की योजना इसराइल हमास युद्ध के दौरान बना ली थी और इस हमले के नेपथ्य में इसराइल के विरुद्ध छद्म युद्ध रहा है। ईरान ने यमन में हूती विद्रोहियों और लेबनान में हिजबुल्ला को व्यापक समर्थन देकर इसराइल के लिए सुरक्षा के कई खतरे पर सवाल खड़े कर दिए थे। यह उग्रवादी अक्सर इजरायल में तोड़फोड़ हत्या और अनेकों आक्रमण में शामिल रहे हैं। ईरान ने 1979 की इस्लामी क्रांति के तुरंत बाद से ही अमेरिका और इसराइल को अपना सबसे बड़ा तथा मुख्य विरोधी तथा दुश्मन मानता रहा है तभी से यह त्रिकोणीय संघर्ष और तनाव ताजा हमलो के रूप में सामने आया है। इसराइल और अमेरिका ने लगातार दो दशकों से कई बार ईरान पर परमाणु हथियार विकसित करने तथा इसे इसराइल तथा अमेरिका के विरुद्ध इस्तेमाल करने की धमकी के रूप में आरोप लगाया है। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल की ईरान से दुश्मनी काफी पुराने समय से पकती रही है जिसके फल स्वरुप इजरायल ने ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले किए जिससे सेना उप प्रमुख समेत ईरानी फौज के बीस महत्वपूर्ण कमांडर मारे गए हैं इसके अलावा ईरान के 6 परमाणु वैज्ञानिक भी मौत के घाट उतार दिए गए। इसराइल ने ऑपरेशन लॉयन के तहत 200 लड़ाकू विमान से ईरान के लगभग 100 ठिकानों को तबाह किया है जिसका बहुत बड़ा कारण ईरान के सुप्रीम नेता खोमनई द्वारा इसराइल को कड़ी सजा देने की चेतावनी बताया गया है। वैसे अब इसराइल के इस बड़े हमले से पश्चिम एशिया में दो कट्टर दुश्मनों के बीच व्यापक तथा भयानक युद्ध की आशंका बढ़ गई है। ईरान ने इस हमले के जवाब में सो बमवर्षक ड्रोन इसराइल पर दागे थे जिसे इजरायल फौजों ने नाकाम भी कर दिया है। यरूसलम की समाचार एजेंसी के अनुसार इसराइल के ईरानी हमले पर ईरान के तीन शीर्ष फौजी के कमांडर मारे गए हैं इसमें ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोहम्मद बाघेरी, और महत्वपूर्ण तथा शक्तिशाली अर्धसैनिक बल रिवॉल्यूशनरी गाड्र्स के प्रमुख हुसैन सलामी तथा ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के प्रमुख जनरल आमिर अली की मौत हो चुकी है। इसके अलावा ईरानी सुरक्षा बलों के 17 प्रमुख एवं वरिष्ठ कमांडर भी मारे गए हैं। यह अत्यंत उल्लेखनीय है कि ईरान इजरायल के ईरान पर हमले से वरिष्ठ वैज्ञानिकों के मरने से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को एक बहुत बड़ा झटका लगा है इन वैज्ञानिकों की मौत से परमाणु बम बनाने के ईरानी सपनों की भी मौत हो गई है। ईरानी के सर्वोच्च नेता राष्ट्रपति अयातुल्लाह अली खामनेई ने कहा कि दुश्मन को बहुत पछताना पड़ेगा उन्होंने अपने एक बयान में कहा कि इसराइल ने ईरान में हमले करके जो अपराध कर अपना खूनी हाथ दिखाया है उसके लिए उसे बहुत पछताना पड़ेगा इसराइल को इसकी बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी हम अब चुप नहीं बैठेंगे और इसराइल इस ईरान के बदले को सदियों तक याद रखेगा। अंतर्राष्ट्रीय रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार इसराइल और ईरान की लड़ाई परमाणु ईंधन यूरेनियम के ईरान द्वारा जमा किए जाने पर हुई है इसराइल के प्रधानमंत्री ने कहा है कि ईरान को किसी भी कीमत पर जमा किए गए यूरेनियम से परमाणु बम बनाने नहीं दिया जाएगा यह इजरायल की पीढ़ियों के लिए खतरा बन गया है और जब तक ईरान इस बात से सहमत नहीं होगा कि वह परमाणु बम नहीं बनाएगा यह ऑपरेशन राइजिंग लायन जारी रहेगा। इधर इजराइल में आपातकाल घोषित कर दिया गया तथा इसराइल ने दुनिया भर में अपने सभी दूतावासों को बंद कर दिया है उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि ईरान इजरायल के आवासीय परिसरों में हमला कर सकता है। दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रंप ने इसराइल के पक्ष में अजीबो-गरीब बयान दिया है उन्होंने ईरान को चेतावनी देते हुए समझाया है कि समझौते के लिए अभी भी सही समय है नहीं तो परिणामतः इसराइल के हमले और तेज तथा बदतर होंगे। उन्होंने आगे कहा कि जिन ईरानी नेताओं ने बढ़ चढ़कर बहादुरी दिखाई थी वे सब इजरायल के हमले से मारे गए अभी भी समय है संभल जाओ। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपतियों से सबसे अलग डोनाल्ड ट्रंप ऐसा प्रतीत होता है कि अपनी व्यापारिक नीति और युद्ध नीति को अभी तक निर्धारित नहीं कर पाए हैं। भारत-पाक युद्ध में भी अमेरिका क रवैया काफी अपरिपक्व ही रहा है और ताजा समाचारों के अनुसार अमेरिका ने पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ लड़ने वाला देश बताया है और पाकिस्तान के सोकॉल्ड फील्ड मार्शल असीम मुनीर के जन्मदिन पर उन्हें अमेरिका आमंत्रित किया है। ऐसा लगता है कि डोनाल्ड ट्रंप अपनी बढ़ती उम्र के साथ मानसिक संतुलन भी होते जा रहे हैं। वर्तमान परिदृश्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इजरायल ईरान युद्ध में अमेरिका की संदेहास्प भूमिका के कारण नए विश्व युद्ध का त्रिकोण तैयार हो रहा है इसराइल के प्रधानमंत्री ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जानकारी दी है जिसमें भारत के प्रधानमंत्री ने कहा कि इसराइल और ईरान को तनाव बढ़ाने वाले किसी भी काम से बचना चाहिए वार्ता का रास्ता अपनाना चाहिए भारत के दोनों देशों से महत्वपूर्ण संबंध है और भारत सदैव मदद के लिए तैयार है। भारत के नागरिक दोनों देशों में निवासरत हैं उन्हें भारत ने सावधान रहने की सलाह दी है।



संजीव ठाकुर

# सबसे निकली सीढ़ी पर खड़े व्यक्ति को स्वलम्बी बनाने का किया आह्वान

वेलकम इंडिया महमूद रजा




**जनपद बिजनौर नगीना।** सहकार भारती के प्रदेश महामंत्री मुख्य अतिथि अरविंद दुबे ने कहां के सरकार का मुख्य उद्देश्य छोटे-छोटे समूह बनाकर नारी सशक्तिकरण की तरह हर वर्ग के विशेष कर सबसे निकली सीढ़ी पर खड़े व्यक्ति को स्वलम्बी बनाने का आह्वान किया है।

शनिवार की दोपहर को स्टेशन चौक के निकट पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में मुरादाबाद मंडल स्तरीय आयोजित कार्यकताओं के बैठक में मुख्य अतिथि अरविंद दुबे ने कहा के जो वर्ग एवं व्यक्ति समूह से जुड़कर नहीं रहता उसे घर परिवार एवं समाज का उद्धार नहीं हो सकता इसलिए व्यापारी हो छोटा दुकानदार हो अधिवक्ता हो चिकित्सा हो मजदूर हो पत्रकार हो समेत सभी वर्ग के लोगों को विशेष कर जो समाज की सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति को सहकारिता से जुड़े और छोटे-छोटे समूह बनाकर समाज को जगाने का कम करें उन्होंने आगे बताया कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार छोटे वर्ग के लोगों का जीवन स्तर उठाने के लिए आनेको अनेक लाभकारी योजना जिनमे कारोबार के लिए व आवासों के लिए लोन योजना चल रही है जिसका लाभ उठाना है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी यही योजना है कि भारत का हर व्यक्ति शक्तिशाली बने तभी भारत कुशहाल देश बन सकेगा उन्होंने कहा कि देश को शक्तिशाली बनाने में सहकार भारती प्रदेश के 80 जिलों में काम कर रही है जिसका रिजल्ट सबके सामने है उन्होंने आगे कहा कि सरकार भारती के कार्यकताओं को घर-घर जाकर अलख जगानी है। ताकि संगठन के साथ-साथ केंद्र और प्रदेश सरकार भी मजबूती के साथ खड़ी हो सके उन्होंने सरकार भारती के कार्यकताओं से छोटे-छोटे समूह बनाने के लिए हर वर्ग के लोगों को जोड़ने का आह्वान किया है।इस मौके पर विश्वास बिश्नोई व प्रभान सिंह ने संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि अरविंद दुबे को स्मृति चिन्ह बैठकर सम्मानित किया। प्रभात चंद गुप्ता की अध्यक्षता व डॉक्टर भूपेश चौहान के संचालन में आयोजित कार्यक्रम को सतीश कठेरिया प्रदेश मंत्री, विश्वास विश्नोई सह प्रदेश संगठन मंत्री, चौधरी प्रभान सिंह सह गनना प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव, चौधरी राजवीर सिंह मुरादाबाद, दीपा शर्मा महिला प्रकोष्ठ, सतवीर सिंह जिला महामंत्री मुरादाबाद, संजीव कुमार संगठन मंत्री, मनोज कुमार मंडल सहसंयोजक मुरादाबाद, साजन सिंह, समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आयुष विभाग द्वारा 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' कार्यक्रम



वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** आयुष विभाग द्वारा 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' कार्यक्रम के तहत ग्राम चपटा में योग शिविर लगाया गया। आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक राजीव कुमार और अर्चना गुप्ता द्वारा योग दिवस प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास कराया, इसके साथ ही योग को अपने जीवन में प्रतिदिन शामिल करने का आवाह्न किया। योग प्रशिक्षक राजीव कुमार द्वारा बताया कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' का उद्देश्य यह है कि हम योग के माध्यम से पूरी दुनिया को स्वस्थ बनाना चाहते हैं। उन्होंने बताया सूर्योदय से पहले उठे, रात्रि में समय पर विश्राम करें, मौसम के अनुसार फल आहार का ध्यान रखें। पैकेट फूड का सेवन कम से कम करें।

इस अवसर पर विशाल सैनी, लाल सिंह प्रजापति, नीटू गुप्ता, सचिन गुप्ता, वीरवती सैनी, विनय, विवेक, आदि लोग उपस्थित रहे।

# डॉक्टर आफताब नोमानी और ब्लॉक रक्त दान महादान टीम को सम्मानित किया



वेलकम इंडिया महमूद रजा

**नजीबाबाद।** रक्त दाता दिवस पर नजीबाबाद चेरिटेबल ब्लड बैंक ने मुख्य अतिथि डॉक्टर आफताब नोमानी और ब्लॉक नजीबाबाद की रक्त दान महादान टीम को सम्मानित किया गया ।इस मौके पर रक्त वीरों ने रक्त दान भी किया कार्य क्रम के मुख्य अतिथि डॉ०आफताब नोमानी ने कहा कि रक्तदान से बढ़ कर मानवता की कोई सेवा नहीं है ।रक्तदान से तीन जिंदगियों को बचाया जा रहा है ।उन्हों ने लोगों से विशेष कर युवाओं से अपील की कि वह रक्तदान के लिए आगे आएं ।रक्तदान करने से कोई नुकसान नहीं है ।उन्हों ने हाजी फईम अख्तर के इस काम की सराहना की नजीबाबाद चेरिटेबल ब्लड बैंक के ऑनर डॉक्टर वरुण कुमार ने बताया कि ब्लड देने से शरीर पर कोई नुकसान नहीं होता है ।बल्कि शरीर के अंदर पल रही बीमारियां सामने आ जाती हैं ।इस ले रक्तदान जरूर करना चाहिए। रक्तदान महादान के अध्यक्ष हाजी फईम अख्तर ने बताया कि 2017 से वह इस सेवा में लगे हुए हैं ।उन्हों ने बताया कि उनकी टीम के रक्तवीर हर समय तैयार रहते हैं और परेशान हल लोगों को रक्त देते हैं ।उन्हों ने लोगों से रक्तदान करने का आह्वान किया इस अवसर पर पत्रकार शहजाद नोमानी, ब्लॉक सचिव मोहम्मद कासिम मीडिया प्रभारी जुनैद अंसारी नगर अध्यक्ष राहुल कुमार और साथ ही टीम के सदस्यों मोहम्मद सलमान, शादाब ,कामिल अंसारी, बृजेश शर्मा, कामिल मालिक, लव दीप, साकिब मंसूर ,मोहम्मद आलम, सूरज कुमार ,लोकेश कुमार आदि को मुख्य अतिथि डॉक्टर आफताब नोमानी और हाजी फईम अख्तर और डॉक्टर वरुण ने सम्मानित किया इस अवसर पर नजीबाबाद चेरिटेबल ब्लड बैंक की टीम के डॉक्टर सुभाष जैन, प्रदीप कुमार आदि रहे।

# सड़क हादसे में घायल वृद्ध की अस्पताल में मौत, परिजनों ने चिकित्सक पर लगाया लापरवाही का आरोप

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा




**नूरपुर :** अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल वृद्ध की अस्पताल में मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और परिजनों एवं व्यापारियों ने अस्पताल के चिकित्सक पर लापरवाही बरतने का गंभीर आरोप लगाया। प्राप्त पजानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान रामसिंह पुत्र श्री मलखान सिंह के रूप में हुई है, जो नूरपुर में मुरादाबाद रोड स्थित धर्म तारा माल पर काम करते थे। वह थाना स्योहारा क्षेत्र के गांव पेतिया के निवासी थे। मृतक के भतीजे नूतेश कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके चाचा रामसिंह हर रोज की तरह सुबह करीब 8:30 बजे नूरपुर के लिए निकले थे। लेकिन रास्ते में भूतपुरी पेट्रोल पंप के पास एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद घायल रामसिंह को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नूरपुर ले जाया गया। जहां उनकी हालत गंभीर बनी रही। इसी दौरान अस्पताल स्टाफ की कथित लापरवाही को लेकर मृतक के परिजनों एवं व्यापारियों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। उनका आरोप था कि समय रहते सही उपचार नहीं मिलने के कारण रामसिंह की जान गई। सूचना मिलते ही नूरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। वहीं डॉक्टर का कहना है कि उन्होंने अपनी ओर से हर संभव प्रयास किया। यह घटना जहां एक ओर सड़क सुरक्षा की अनदेखी को उजागर करती है, वहीं दूसरी ओर अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर भी सवाल खड़े करती है।

# रामपुर द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस बल में चयनित अभ्यर्थियों को हरी झण्डी दिखाकर लखनऊ के लिये रवाना किया




वेलकम इंडिया गुलजार आलम

रामपुर पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस बल में चयनित अभ्यर्थियों को हरी झण्डी दिखाकर लखनऊ के लिये किया गया रवाना पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स, रामपुर से आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 के अन्तर्गत नियुक्ति पत्र प्राप्त करने हेतु लखनऊ जाने वाले चयनित अभ्यर्थियों एवं पुलिस बल को ब्रीफ कर जलपान कराया गया, चयनित अभ्यार्थियों द्वारा भर्ती प्रक्रिया से संबंधित अपने अपने विचार प्रकट किये गये इसके पश्चात चयनित अभ्यार्थियों को बसों में बैठाकर हरी झण्डी दिखाकर लखनऊ के लिये रवाना किया गया एवं चयनित अभ्यर्थियों को आगामी प्रशिक्षण एवं सेवा के लिए शुभकामनाएं दीं।

# सरफराज की मौत के बाद जिला अधिकारी ने दिए जांच के आदेश

वेलकम इंडिया महमूद रजा



कंपनी के मैनेजर से सीडीओ ने मांगा एमओयू पत्र तो बोला पहले पत्र भेजिए बिजनौर सीडीओ पूर्ण बोरा ने मामले की जांच के लिए सभी फाइल शुक्रवार को ही खंगालनी शुरू कर दी। पूरी फाइल में एमओयू पत्र न मिलने पर डायलिसिस विभाग को संचालित कर रही संजीवनी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मैनेजर को फोन किया। अपना परिचय देते हुए उनसे बिजनौर में हुए एमओयू पत्र मांगा। इस पर कंपनी के मैनेजर ने जवाब दिया कि पहले आप मेल भेजिए, उसके बाद दिखवाएंगे। इसके बाद प्राचार्या उर्मिला कार्या ने भी बात की, लेकिन शाम तक एमओयू पत्र नहीं मिला मौत की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने हंगामा किया शुक्रवार की शाम होते-होते सरफराज की मौत की सूचना उसके रिश्तेदारों, ग्रामीणों को भी मिल गई। सभी मेडिकल अस्पताल पहुंच गए। वहां पहुंचकर परिजनों ने आरोप लगाया कि सरफराज की मौत लापरवाही से हुई है। यदि जेनरेटर लगाकर डायलिसिस सही तरीके से की तो उसकी जान नहीं जाती। परिजनों ने इस मामले में जांच कराकर संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाबुझाकर शांत किया ।वहीं, सीडीओ पूर्ण बोरा ने मामले की जांच के लिए सभी फाइल शुक्रवार को ही खंगालनी शुरू कर दी। पूरी फाइल में एमओयू पत्र न मिलने पर डायलिसिस विभाग को संचालित कर रही संजीवनी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मैनेजर को फोन किया। अपना परिचय देते हुए उनसे बिजनौर में हुए एमओयू पत्र मांगा।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 11 वर्ष की उपलब्धियां को जनता के बीच रखा



वेलकम इंडिया गुलजार आलम

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार के सफल 11 वर्ष पूर्ण होने पर चल रहे अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल की उपलब्धियां को जनता तक पहुंचाने के लिए रामपुर जनपद में सभी पांचो विधानसभा के 20 मंडलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए।। कार्यक्रमों में जिले के वरिष्ठ नेताओं को अपने-अपने क्षेत्र में भेजा गया, भारतीय जनता पार्टी के चमरूआ विधानसभा के प्रत्याशी रहे, जिला उपाध्यक्ष मोहन कुमार लोधी ने मिलकखनम क्षेत्र पहुंचकर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की 11 वर्ष की उपलब्धियां को जनता के बीच रखा, पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष भटनागर केमरी मंडल में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित रहे।। जिला महामंत्री अशोक बिश्नोई नगर विधानसभा के पुराना गंज के आयोजित कार्यक्रम में कार्यकताओं को संबोधित किया, सभी पदाधिकारी ने कार्यकताओं को बताया कि 11 वर्ष में देश की सोच, स्वाभिमान, आत्मबल बदला है। देश को 55 करोड़ जनधन खाते मिले। भारत ने इन्फ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा के क्षेत्र में अभूतपूर्व छलांग लगाई। रेलवे का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण, हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी हो हो गई है। देश में चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था, चौथा बड़ा स्टॉक एक्सचेंज बना है।

# सीडीओ के सामने ही चली गई मेडिकल अस्पताल की बिजली, डायलिसिस बीच में रुकने से युवक की मौत, रोती रही मां

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर।** मेडिकल अस्पताल के डायलिसिस विभाग में बिजली चले जाने पर सरफराज की डायलिसिस रुकी तो उसकी मां चिल्लाई जेनरेटर चला तो वरना मर जाएगा मेरा लाल।लेकिन जेनरेटर डीजल नहीं होने के कारण नहीं चल सका और सरफराज की मौत हो गई तो डायलिसिस विभाग में जांच कर रहे सीडीओ चिल्ला उठे एक की जान चली गई अब इन पांच मरीजों को तो बचा लो। कैन में एक बूंद भी डीजल न होने पर अपने ही बाबू को फोन करके बोले यहां 50 लीटर डीजल जल्द भेजो, पांच जिंदगियों का सवाल है। सीडीओ पूर्ण बोरा डायलिसिस विभाग का निरीक्षण कर रहे थे कि तभी महिला सलमा दौड़कर वहां आई। बिजली न होने पर डायलिसिस बीच में ही रुकने पर अपने बेटे की जान बचाने की गुहार लगाने लगी। सीडीओ मौके पर पहुंचे तो देखा कि बिजली के जाते ही सब कुछ ठप हो गया। मरीज गर्मी में बिलबिला रहे थे। उन्होंने जेनरेटर चलाने को कहा तो कर्मचारी बोले, डीजल ही नहीं है। मैनेजर डीजल के पैसे नहीं देते। वार्ड से बाहर आकर डीजल की कैन देखी तो उसमें एक बूंद डीजल नहीं था। तब तक साढ़े तीन बज चुके थे। सलमा बेटे सरफराज की हालत बिगड़ने की बात कहकर रोने लगी। स्टाफ और चिकित्सक वार्ड की ओर दौड़े। तब तक सरफराज बेहोश हो चुका था। मॉनिटर पर उसकी धड़कन रुकी नजर आई। उसका आधा ब्लड अभी मशीन में ही था, जो उसे चढ़ाया जाना था। वहां तैनात कर्मचारियों ने सीपीआर देना शुरू किया और चिकित्सक केवल हाथ लगाकर देखने के अलावा कुछ न कर सके। सीडीओ पूर्ण बोरा कर्मचारियों को निर्देश देते हुए युवक को बचाने की जद्दोजहद में जुट गए। स्टाफ सरफराज को उठाकर इमरजेंसी ले जाया गया, लेकिन वह तो दम तोड़ चुका था।

> मां चिल्लाती रही... जेनरेटर चला दो, मर जाएगा मेरा लाल

# रक्तदान शिविर में 50 लोगों ने किया रक्तदान, विधायक ने वितरित किए प्रमाण पत्र

वेलकम इंडिया

**रुदौली/अयोध्या।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सीएचसी रुदौली परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में 50 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10 बजे से किया गया था, जिसका उद्घाटन विधायक रामचंद्र यादव ने किया। शिविर में सामाजिक कार्यकर्ता संजय अग्रवाल के परिवार से पाँच सदस्यों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाजसेवा की मिसाल पेश की। कार्यक्रम के अंत में विधायक रामचंद्र यादव ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित कर उनके योगदान की सराहना की। विधायक रामचंद्र यादव ने कहा*, *₹रक्तदान एक महादान है। यह मानवता की सबसे बड़ी सेवा है जो किसी की जान बचा सकती है। ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और लोगों को प्रेरणा मिलती है कि वे भी आगे आकर रक्तदान करें। मैं उन सभी रक्तदाताओं को बधाई देता हूँ जिन्होंने इस पुनीत कार्य में भाग लिया।₹सीएचसी अधीक्षक डॉ. मदन वर्नवाल ने बताया कि शिविर का उद्देश्य जनमानस में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना और आवश्यकता के समय सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था।



# अलग-अलग खेल प्रतिभाओं में अपना परचम लहराया है

वेलकम इंडिया महमूद रजा




**बिजनौर।** नजीबाबाद तहसील में यूं तो अलग-अलग खेल प्रतिभाओं में अपना परचम लहराया है। ताइक्वांडो खेल एक ऐसा खेल है जिसको पूर्व में बहुत कम जानते थे लेकिन वर्तमान में जानते हुए भी प्रशिक्षित कोच की कमी होने के कारण नहीं सीख पाते हैं लेकिन इसको देखते हुए नजीबाबाद निवासी कोच रिंकू वर्मा ने मूलभूत आवश्यकताओं की कमी होते हुए सन 1998 से कोचिंग देने का सफर प्रारंभ किया। कोच रिंकू वर्मा ब्लैक बेल्ट साउथ कोरिया से अपनी डिग्री प्राप्त की और भारतीय रेफरी रह चुके हैं। और वर्तमान में इनकी मेहनत और लगन से ही आज आदर्श नगर रविदास धर्मशाला नजीबाबाद अकादमी से ब्लॉक तहसील जिला मंडल प्रदेश राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहरा रहे हैं। दिन शुक्रवार को सम्मान समारोह कार्यक्रम गोल्ड मेडलिस्ट आयुष्मान चौहान का चयन बिहार की राजधानी पटना भारतीय खेल प्राधिकरण में अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो खिलाड़ी के रूप में चयन हुआ है इसी अकादमी के एक और खिलाड़ी शालिनी चौधरी स्पोर्ट्स साइंटिस्ट और स्पोर्ट्स मास्टर की डिग्री संयुक्त राज्य अमेरिका से कर रही है और इन्हीं के छोटे भाई ऋषभ चौधरी का हाल ही में प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय मुंबई में चयन हुआ है। कोच रिंकू वर्मा ने अपनी भावनाओं और इच्छा जागृति का इजहार करते हुए बच्चों के संबोधन में कहा पानी से नहाओगे तो। लिवास बदलोगे और यदि पसीने से नहाओगे तो इतिहास बदलोगे। दूर दराज से आए हुए अभी भाव को ने भी कुछ रिंकू वर्मा की सराहना की और भविष्य में भी करते रहने की अपील की जिससे अपने क्षेत्र जिले का नाम रोशन होता रहे।

# डीएम ने पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय सहित खड़ंजा का किया निरीक्षण





**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**खुनियांव/सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड खुनियांव के ग्राम पंचायत गौरडीह में शनिवार को सामुदायिक शौचालय एवं पंचायत भवन का जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0 द्वारा निरीक्षण किया गया। सामुदायिक शौचालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने दरवाजा टूटा होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि इसे ठीक करायें। शौचालय में प्रकाश की उचित व्यवस्था नही था, सिर्फ एक बल्ब लगा था। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी व्यवस्था ठीक करायें। पंचायत भवन के निरीक्षण के दौरान पंचायत सहायक कक्ष को देखा गया। पंचायत सहायक से उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारें में जानकारी प्राप्त की गयी। इसके साथ ही लाइब्रेरी को भी देखा गया। इसके पश्चात सचिव कक्ष का निरीक्षण करते हुए कराये गये कार्यों के बारें मे जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी द्वारा मास्टर रजिस्टर को देखा गया। एडीओ पंचायत द्वारा कार्यों का निरीक्षण आख्या नही लगाया गया था, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त किया गया। कन्सल्टिग इंजीनियर द्वारा द्वारा सत्यापन आख्या नही लगा था। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि इस प्रकार की लापरवाही पुनः नही होना चाहिए।

इसके पश्चात जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0 द्वारा कम्पोजित विद्यालय गौरडीह में बने मिड-डे-मील शेड का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। इसी क्रम में जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0 द्वारा ग्राम पंचायत गौरडीह में मस्जिद से लेकर ट्रांसफार्मर तक लगायें गयें खडंजा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खड़ंज़ा बैठ गया था। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उसे 10 दिन में सही कराने का निर्देश दिया। इसके पश्चात बबलू के घर से घुघरू के घर तक कराये गए इन्टरलॉकिंग सड़क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान इन्टरलॉकिंग की गुणवत्ता ठीक नही पाया गया। बगल में नाली का पानी सड़क पर भरा था, जिलाधिकारी ने इन्टरलॉकिंग सड़क को पुनः बनवाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सड़क पर पानी नही भरना चाहिए। सभी कार्य गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार व अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।


## 51 करोड़ की लागत से संवारेगा बांसी-नन्दौर-खलीलाबाद मार्ग, पकड़ेगी नई रफ्तार: सांसद पाल




**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** बांसी-नन्दौर सड़क अब जल्द ही नई रफ्तार पकड़ेगी। करीब 17 किलोमीटर लंबे इस मार्ग को 51 करोड़ 13 लाख रुपये की लागत से संवारा जाएगा। केंद्रीय मार्ग निधि योजना से जिले के बांसी से नंदौर होते हुए खलीलाबाद तक जाने वाले मार्ग का 51.13 करोड़ रुपये से चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण होगा। जिले में 17 किमी लंबे इस मार्ग के पुनर्निर्माण के लिए प्रथम किस्त के तौर पर 17.89 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इससे बांसी से खेसरहा, मेहदावल, नंदौर व खलीलाबाद समेत अन्य स्थानों पर लोगों का आवागमन सुगम हो जाएगा। यह जानकारी सांसद जगदंबिका पाल ने कैंप कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने ने बताया कि केंद्रीय मार्ग निधि से वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत इस मार्ग के निर्माण की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति और धनराशि आवंटन की जानकारी उप सचिव उत्तर प्रदेश शासन रिपुनजय गुप्ता ने दी है। अनु सचिव ने प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष लोक निर्माण विभाग को भेजे पत्र में बताया है कि बांसी-नंदौर-खलीलाबाद राज्य मार्ग संख्या 88 के किमी 0 से 17 तक निर्माण कार्य की स्वीकृति राज्यपाल की ओर से की गई है। इस मार्ग के चौड़ीकरण से पहले बिजली पोल आदि हटाने का कार्य होगा। साथ ही निर्माण के दौरान कुछ स्थानों पर नए पुलिया भी बनाए जाएंगे। सांसद ने बताया कि जल्द ही विभाग की ओर से इस मार्ग का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा, जिससे लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी।

## थाना दुधारा पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** शनिवार को दुधारा पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। थाना दुधारा उ0नि0 नन्दू गौतम, हो0का0 दुर्गेश कुमार, का0 मनीष कुमार यादव ने मु0अ0सं0 204/2025 धारा 69 बीएनएस के मामले मे वांछित अभियुक्त मो0 आसिफ पुत्र सहाबुद्दीन निवासी महुआरी को साफियाबाद के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

विदित हो कि उक्त अभियुक्त द्वारा वादिनी को शादी का झांसा देकर वादिनी के साथ दुष्कर्म की घटना कारित करने संबंध मे वादिनी द्वारा थाना स्थानीय पर दिनांक 13.06.2025 को अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** बृज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति उत्तर प्रदेश व मां वैष्णों द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर लाइफ केयर चैरीटेवल ब्लड बैंक मथुरा पर आयोजित किया विशाल रक्तदान शिविर का शुभारंभ चैयरमेन उमाशंकर अग्रवाल एडवोकेट के द्वारा फीता काटकर किया, चैयरमेन उमाशंकर अग्रवाल ने सभी रक्त दाताओं को उनके सराहनीय कार्य के लिए बधाई देते हुए प्रशस्ति पत्र के साथ हेलमेट प्रदान किये। सर्वप्रथम बृज यातायात महिला युवा टीम से पूजा सिसौदिया ने 30 वां अपना रक्तदान करते युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया शिविर में अतिथि के रूप में शामिल भाजपा की पूर्व जिला अध्यक्ष मधु शर्मा ने कहा रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है इसलिए आज जो भी रक्तदाता रक्तदान कर रहे हैं उन्होंने उनके पुनीत कार्य के लिए सभी रक्तदाताओं को दी बधाई आज में महिला भी रक्तदान कर रही है इसके लिए सभी महिलाएं और रक्तदाता बधाई के पात्र हैं क्योंकि आपका रक्त जरूरतमंद लोगों को दिया जाएगा। महिला प्रदेश अध्यक्ष पूर्व पार्षद श्वेता शर्मा ने कहा है हमारी समिति विश्व रक्तदाता दिवस बड़े उत्साह के साथ उत्सव के रूप में मनाती है इसमें सभी लोग अपनी सहवाग धनवती हैं इसके कारण हमारे सभी रक्तदान शिविर सफल रहते हैं इसके लिए उन्होंने सभी रक्तदाताओं को दी बधाई! संस्थापक अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने कहा हमारी समिति लगभग 14 वर्षों से रक्तदान शिविर आयोजित करती रही है इन रक्तदान शिविरों में अब तक 6377 रक्तदानों की मदद से रक्त उपलब्ध करवा चुके हैं आज हमारी समिति के द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर में 32 यूनिट रक्त मिला! रक्तदान शिविर के संयोजक गगन अग्रवाल ने सभी रक्त दाताओं का आभार व्यक्त किया। रक्तदान शिविर में पूजा सिसौदिया, रजत शर्मा, भगवती प्रसाद शर्मा, देवा, हर्षित कृष्ण अग्निहोत्री, मनजीत अली, विमल किशोर सारस्वत, राजकुमार राज, गोविंद सिंह आदि रक्त वीरों ने अपना रक्तदान।

## भाजपा ने विकसित भारत संकल्प सभा का किया आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** शनिवार को सेमरियावा ब्लाक सभागार में भाजपा ने विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया। सभा की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष कन्हैयालाल यादव ने किया।

इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष राम ललित चौधरी ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास के लक्ष्य के साथ काम कर रही है। केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आज समाज के सभी वर्गों को मिल रहा है। सभा को अनिल पाण्डेय, शैलेन्द्र सिंह, गंगा प्रसाद यादव, राजकपूर गौतम ने भी सम्बोधित किये। इस अवसर पर अनवार आलम, राम पुरूषोत्तम गुप्ता, गोविन्द जयसवाल, बहरैची यादव, पतिराम मौर्या, एजाज अहमद, जुबेर अहमद, मुहम्मद अशरफ, अर्जुन प्रसाद, जियाउल हक, लालमन लोधी आदि मौजूद रहे।

## स्वामी यतींद्रानंद गिरि महाराज ने किए ब्रज के राजा दाऊजी महाराज के दर्शन

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।/बलदेव।** जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरि महाराज ने बलदेव पहुंच कर ब्रज के राजा ठाकुर श्री दाऊजी महाराज व माता रेवती जी के दर्शन कर पूजा अर्चना की।उन्होंने कहा कि दाऊजी महाराज ब्रज के राजा हैं इनके दर्शन मात्र से ही व्यक्ति की मनौतियां पूरी हो जाती हैं।इस अवसर पर धर्म गुरु मंदिर सेवायत गोस्वामी राजाराम पांडेय से उनकी आध्यात्मिक चर्चा भी हुई।श्री पांडेय ने महाराज जी को दाऊजी मंदिर के गौरवशाली इतिहास से अवगत कराया।बलभद्र पीठाधीश्वर आचार्य विष्णु जी महाराज ने दाऊजी महाराज का प्रसाद, मंदिर के ग्रन्थ पुस्तकें भेंट कर स्वागत सम्मान किया।वहीं सेवायत अधिकारी सुरेश पाण्डेय, चिराग पांडेय व जयकिशन आचार्य ने गर्भगृह में माला पटुका पहना कर महाराज जी का स्वागत किया। इस अवसर पर जीवन दीप आश्रम के सचिव मोहित भारद्वाज, कीर्ति सिंह, रामकृष्ण आचार्य, कपिल देव आचार्य, राहुल गोस्वामी, गणेश पांडेय, पंचों ठेकेदार, विष्णु बौहरे, उपदेश पाण्डेय, सुजीत वर्मा, मनीष बंसल, कुलदीप पांडेय आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## सेमरियावां के विकास की मॉनिटरिंग खुद करेंगे सीएम

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** लोकतांत्रिक प्रक्रिया के गठन के बाद से ही विकास की प्रक्रिया से वंचित क्षेत्र पंचायत सेमरियांवा के चतुर्दिक विकास की मॉनिटरिंग अब खुद सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे। शुक्रवार को जिले के प्रथम नागरिक जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव ने प्रमुख प्रतिनिधि मुमताज अहमद के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात किया।

श्री यादव ने सीएम योगी से बताया कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत क्षेत्र पंचायत सेमरियांवा का गठन हुआ। कुछ स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने खुद के निजी स्वार्थ में प्रदेश में विकास की बहती धारा से सेमरियांवा के विकास को स्थानीय प्रशासन पर दवाब बना कर बाधित कर दिया। पार्टी से जुड़े जनप्रतिनिधियों की यह विचारधारा अपने ही दल के ब्लॉक प्रमुख के खिलाफ सरकार के सबका साथ सबका विकास की अवधारणा को फेल करती दिख रही है। अपने 10 मिनट की सीएम से हुई मुलाकात में बलिराम यादव जिले के सर्वांगीण विकास के पार्टी और सरकार के दावे के बीच सेमरियांवा के पिछड़ेपन का विस्तृत उल्लेख किया। बकौल जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेमरियांवा को विकास से परिपूर्ण करने का भरोसा दिलाते हुए इस ब्लॉक के सर्वांगीण विकास की मॉनिटरिंग खुद करने का भरोसा दिलाया।

सीएम योगी ने अब से विकास में बाधा उत्पन्न करने वालों की सूची उन्हें उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। सीएम के इस ऐतिहासिक निर्णय से सेमरियांवा क्षेत्र की आवाम में खुशी की लहर दौड़ गई है।

## थाना समाधान दिवस का आयोजन, समाधान दिवस पर पहुंचे एसडीएम व सीओ ने सुनी जनता की फरियाद

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** थाना समाधान दिवस पर एसडीएम और सीओ (क्षेत्राधिकारी) पहुंचे, जहाँ उन्होंने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए निर्देश दिए।

शनिवार को, थाना समाधान दिवस के अवसर पर, एसडीएम और सीओ (क्षेत्राधिकारी) थाना दुधारा में उपस्थित हुए। उन्होंने फरियादियों की शिकायतों को सुना, जिनमें से अधिकांश भूमि संबंधित विवादों से जुड़ी थीं। एसडीएम और सीओ ने संबंधित अधिकारियों को तुरंत इन शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। कुछ मामलों को मौके पर ही समस्याओं का समाधान किया गया, जबकि कुछ मामलों में टीम गठित करके एक सप्ताह के भीतर समाधान करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर नायब तहसीलदार सेमरियावा, थानाध्यक्ष इंद्रभूषण सिंह, बाघनगर चौकी प्रभारी नंदू गौतम व हल्का लेखपाल, कानून गो उपस्थित रहे।

## अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रेश में दिवंगत लोगों की आत्मा की शांति के लिए यज्ञ का आयोजन किया गया

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** यथार्थ गीता दिव्य ज्ञान ट्रस्ट के तत्वावधान में प्रेमनगर स्थित सुरेंद्र अग्रवाल लाला के गोदाम पर अहमदाबाद में हुए इंडियन एयर लाइंस के विमान क्रेश में आकस्मिक दुर्घटना में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए शांति यज्ञ का आयोजन किया गया। शांति यज्ञ में पहुंचे डाक्टर विनोद पगरानी ने कहा कि ऐसी घटनाएं दिल को झकझोर देती हैं। ट्रस्ट के सचिव नितिन सेठी ने कहा कि ये घटनाएं सब ईश्वर जाने किसको लेना है, किसको छोड़ना हैं। अन्यथा कुछ लोगों का प्लेन छूट गया इन्हें ईश्वर को बचाना ही था। ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित हरिओम गौतम ने सभी दिवंगत जनों की आत्मा की शांति के लिए आहुतियां डलवाईं, और यज्ञ भगवान से प्रार्थना की। इस मौके पर समाजसेवी अश्वनी ओबेरॉय ने बड़ी भावुकता वश गुरु वाणी का पाठ किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक लाल बहादुर गंगवार ने कहा कि मात्र एक व्यक्ति इस घटना से बचा, जाको राखे साइयां मार सके ने कोय। इस शोक श्रद्धांजलि सभा में आर पी अग्रवाल, आकाश राणा, संयम जैन, संजय गोयल, दिवाकर सिसोदिया आदि भी मौजूद रहे।

## धरती का बढ़ता तापमान, मानवता के लिए खतरे: रामवीर सिंह तोमर

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** धरती का तापमान साल दर साल बढ़ रहा है। बढ़ता तापमान अपने साथ नई चुनौतियां पैदा कर रहा है। मनुष्य से लेकर पशु पंक्षी तक व्याकुल हैं। भीषण गर्मी के चलते कूलर गर्म हवा फेंक रहे हैं, बिजली विभाग बिजली आपूर्ति देने में हॉफ गया है, देहातों से लेकर शहरों में आसमान से बरसती आग से लोग हलकान हैं। राजस्थान के चुरू में 49 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तापमान रिकार्ड किया गया है तो मथुरा में पारा 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तक पहुंच गया है। चिलचिलाती भीषण गर्मी ने हम सभी को घर के अंदर रहने पर मजबूर कर दिया है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (हटड) ने चेतावनी देते हुए कहा है कि 50:50 प्रतिशत संभावना है कि अगले चार वर्षों में बेंचमार्क 1.5 डिग्री तापमान वृद्धि हो सकती है। यदि ऐसा हुआ तो गर्मी की लहर और भी बदतर हो जाएगी। यह सचमुच ओवन में रहने जैसा होगा। ३बढ़ते तापमान का मतलब है अधिक बर्फ पिघलना यानी ग्लेशियरों का पिघलना, समुद्र का जल स्तर बढ़ना, अधिक गर्मी की लहरें मललब सोलर स्ट्रोक, परिणाम फसलें जिसमें फल, अनाज सब्जियाँ और फूल शामिल हैं, के गंभीर नुकसान होंगे, अनाज में दाने सामान्य नहीं रहेंगे। भीषण गर्मी और निरंतर बढ़ते तापमान से पशुओं के दुधारूपन पर असर पड़ेगा। पशु दूध कम देंगे। मानवता के विनाश के साथ प्रकृति, वायुमंडल, हरियाली, जलस्रोतों पर कैसा घातक असर होगा, उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। तापमान जनित बीमारियों से मस्तिष्क, हृदय, गुर्दा, पाचन, श्वसन, अवसाद संबंधी कई बीमारियां बेतहाशा बढ़ेंगी, जिससे आयु भी प्रभावित होगी। इस सबको लेकर वैज्ञानिक से लेकर आम आदमी चिंतित जरूर है लेकिन ऐसा लगता है कि जिम्मेदारों की समझ में नहीं आ रहा है कि इस अभूतपूर्व गर्मी की लहर के लिए बढ़ते कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए प्रकृति और पर्यावरण को बचाने के लिए कारगार ठोस कदम कहां से शुरू किए जाएं, ? पिछले दो दशकों में हमने कृषि योग्य भूमि पर कंक्रीट की ऊंची इमारतें खड़ी कर ली हैं, सड़कें, हाइवे, एक्सप्रेस वे, काडीडौर बनाए हैं, इनको बनाने में आड़े आने वाले जितने पेड़ों को हमने काटा है उतने पेड़ हम लगा कर संरक्षित नहीं कर सके हैं। हम हर साल करोडों पेड़ लगाकर भी उनको बचा नही सके हैं। ऐसा लगता है कि हमने पेड़ लगाने में हर साल खानापूर्ति की है। करोड़ों रुपए खर्च कर सिर्फ रिकार्ड बनाए हैं। उनकी देखभाल नहीं कर पाए हैं। कड़वी सच्चाई तो यह है कि हम पेड़ों के मामले में बेपरवाह बने हुए हैं। कोई हमारे सामने पेड़ भी काटता है तो भी हम बुराई और दुश्मनी के डर से जिम्मेदारी से बच रहे हैं। जब कोई व्यक्ति एक पेड़ काटता है, तो वह वास्तव में उसके प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र को नष्ट कर देता है। उदाहरण के लिए, जब आप नीम के पेड़ के नीचे खड़े होते हैं और वह भी चिलचिलाती धूप में, तो तापमान में दस डिग्री का अंतर होता है। यह पेड़ों की एकमात्र भूमिका नहीं है, और जैसा कि किसी ने सही कहा है और हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि पेड़ मानवता के बैंक खाते हैं। आर्थिक दृष्टि से भी, हम शायद यह भूल गए हैं कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित विशेषज्ञों की टीम ने 100 साल की औसत आयु वाले एक पेड़ की कीमत 72 लाख रुपये आंकी थी। यह उस आर्थिक मूल्य पर आधारित है जो पेड़ों द्वारा मानवता और प्रकृति को प्रदान की जाने वाली अपार पारिस्थितिक सेवाओं के लिए निर्धारित किया गया है।

उसके बाद भी आर्थिक विकास के नाम पर, प्राचीन जंगलों को काटा जा रहा है कि अब कार्बन का अवशोषण कम हो रहा है ऐसा लगता है कि वनों को संरक्षित करने का काम समाज के एक छोटे से हिस्से तक ही सीमित रह गया है, जिसमें कार्यकर्ता, पर्यावरणविद और कुछ चिंतित साथी नागरिक शामिल हैं। सालों से, समाज का एक छोटा सा हिस्सा हमेशा पेड़ों की सुरक्षा के लिए खड़ा रहा है, पौड़ी-गढ़वाल की महिलाओं पेड़ों को कटने से बचाने के लिए पेड़ों से लिपटकर प्रसिद्ध चिपको आंदोलन चलाया था, राजस्थान और हरियाणा का विशनोई समाज पेड़ों को अपनी संतान के समान समझकर, उनका सम्वर्द्धन और संरक्षण करता है। यही वजह है कि केवल विश्नोई बाहुल्य क्षेत्रों में वन्य जीव स्वच्छंद विचरण करते हैं। विश्नोई महिलाओं द्वारा नवजात हिरण को प्रायः स्तनपान करवाते हुए भी देखा जाता है। वृक्षों के रक्षार्थ बहादुर अमृता विश्नोई के बलिदान को भला कौन भुला सकता है? आज से लगभग 292 वर्ष पूर्व (सन 1730, भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, दशमी तिथि) विश्नोई समाज के 363 पर्यावरण प्रेमियों ने अमृता विश्नोई के आह्वान पर, खेजड़ियों को बचाने के लिए अपने प्राण तक दे दिए थे।

## युवती का गला रेतने वाले सिरफिरे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लोटन/सिद्धार्थनगर।** कोतवाली क्षेत्र के तरघौना में शादी टूटने से परेशान सिरफिरे युवक ने युवती का गला रेत दिया था। केस दर्ज करके पुलिस उसकी गिरफ्तारी में लगी थी।शनिवार को क्षेत्र के घोंघी नदी के पुल से गिरफ्तार कर लिया। थाने पर लाकर पूछताछ करके न्यायालय रवाना कर दिया। वहीं, घायल युवती की हालत में काफी सुधार है। गोरखपुर में उसका इलाज चल रहा है। क्षेत्र के तरघौना गांव निवासी की प्रियंका नाम की लड़की की शादी महराजगंज जिले कोल्हुई थाना क्षेत्र के बेलवा बकहनिहां में पसंद कुमार से तय होने के बाद किसी कारण वश टूट गया है। पर लड़के ने क्रूरता का हद पार करते हुए दो दिन पहले लड़की का गला रात में रेत कर लहूलुहान कर फरार हो गया था। पुलिस ने घटना के बाद समुचित धाराओं में केस पंजीकृत कर आरोपी के तलाश में जगह-जगह दबिश दे रही थी।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक हुई

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला बाल सम्मान कोष योजना एवं मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की समीक्षा बैठक गत दिवस कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना अंतर्गत जिला टास्क फोर्स द्वारा कुल 45 आवेदन, स्पॉन्सरशिप योजना अंतर्गत 28 आवेदन पत्रों की स्वीकृति समिति द्वारा प्रदान की गई। उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान को योजना अंतर्गत जिला संचालन समिति द्वारा 26 प्रकरणों में आर्थिक क्षतिपूर्ति के संबंध में निर्णय लिया गया। किशोर न्याय बोर्ड संत कबीर नगर में विगत त्रैमास में कुल 65 प्रकरण प्राप्त है जिसके सापेक्ष 35 प्रकरण निस्तारित किए गए। लंबित प्रकरणों को शीघ्रता से निस्तारित किए जाने की अपेक्षा जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति द्वारा की गई। इसी प्रकार बाल कल्याण समिति के समक्ष लंबित 06 प्रकरणों को भी निस्तारित किए जाने की अपेक्षा की गई। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बताया गया कि विगत त्रैमासिक में किशोर न्याय बोर्ड की अपेक्षा पर विधि सह परिवीक्षा अधिकारी द्वारा 34 प्रकरणों में एस आई आर प्रेषित किया गया है। विगत त्रैमास में दत्तक ग्रहण का कोई प्रकरण बाल कल्याण समिति के समक्ष प्राप्त नहीं हुआ है। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट कबीर नगर में विगत त्रैमास में कुल 06 बच्चों की गुमशुदगी की दर्ज की गई बैठक में उपस्थित प्रभारी एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के द्वारा बताया गया कि सभी बच्चों की बरामदगी कर ली गई है। चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 संत कबीर नगर में कुल 78 प्रकरण विगत त्रैमास में प्राप्त हुए हैं बैठक में उपस्थित चाइल्ड हेल्पलाइन प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर के द्वारा बताया गया कि सभी प्रकरणों का निस्तारण कर लिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिया गया कि ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर गठित बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक नियमित रूप से कराएं इसके साथ ही जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठकों में श्रम प्रवर्तन अधिकारी को भी प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अभियोजन अधिकारी विनय कुमार पांडेय,जिला समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकरी सत्येन्द्र सिंह, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन, केंद्र प्रशासक वन स्टॉप सेंटर, संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, प्रभारी ए एच टी यू, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर श्रीमती नित्या मिश्रा व अन्य अधिकारीगण/कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

# सरकार की योजनाएं और नीतियां समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके, इसलिए चलाया जा रहा संकल्प से सिद्धी तक अभियान : मंडल अध्यक्ष सूरज शाह




वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार

**सादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से केंद्र में भाजपा सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 गौरवपूर्ण वर्षों की उपलब्धियों को रेखांकित करने के उद्देश्य से कुरसंडा मंडल अध्यक्ष सूरज शाह के संयुक्त तत्वावधान में ₹विकसित भारत संकल्प सभा₹ का आयोजन रघुराज फार्म हाउस में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह, जिला मंत्री मथुरा प्रसाद गौतम तथा मंडल अध्यक्ष सूरज शाह रहे। मुख्य अतिथि महेन्द्र सिंह ने उपस्थित जनसमूह को विकसित भारत की दिशा में एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। मथुरा प्रसाद ने पार्टी की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं को विस्तार से रखा और भाजपा के जनसेवा पथ पर निरंतर अग्रसर रहने की प्रतिबद्धता दोहराई। मुख्य अतिथि ने पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं आगामी लक्ष्यों को रेखांकित किया। मंडल अध्यक्ष सूरज शाह ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्षों के शासन के दौरान देश में ऐतिहासिक फैसले लिए गए। जैसे जन-धन योजना, मुफ्त अनाज, उज्जवला योजना, शौचालय निर्माण, हर घर जल योजना सहित अनेक जनहित कार्यक्रम किया जा रहा है। इस मौके पर राजेंद्र सिंह घाकरे, जिला मंत्री युवा मोर्चा अंकित प्रधान, हरबीर चौधरी प्रधान, अनिल गुप्ता, बनवारी सिकरवार, पीटर पचौरी, शिव सिंह चौहान, राहुल चौहान, दीपक गौतम, मलखान सिंह, नीरज सिसोदिया, चंद्रपाल सिंह प्रधान, पूरन सिंह प्रधान, आशीष शर्मा, विशाल उपाध्याय, फाल सिंह चौधरी, जमुना प्रसाद, रनवीर बाबा, समय सिंह आदि मौजूद थे।

# घटती सामाजिकता, बढ़ता अपराधः कारण एवं निवारण विषेयक राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन

वेलकम इंडिया




**वाराणसी मिजार्मुराद।** समाज में बढ़ रहे अलग तरह के अपराध- हाल के दिनों में नव विवाहिता द्वारा नियोजित ढंग से पति की हत्या कराना या प्रेमी के साथ मिलकर पति को मार कर ड्रम में जमा देना जैसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए घटती सामाजिकता, बढ़ता अपराधः कारण एवं निवारण विषेयक राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन पहल संस्था, वाराणसी द्वारा आयोजित किया गया। जिसे मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए मीना चौबे पूर्व सदस्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं को अपनी भूमिका के बारे में विचार करना चाहिए क्योंकि महिला किसी भी परिवार एवं समाज की धूरी होती है उसके व्यवहार का सर्वाधिक प्रभाव बच्चों पर पड़ता है। हमें समाज में कुटुंब की भावना की हो रही कमी को दूर करने की आवश्यकता है तभी सामाजिकता बढ़ेगी और अपराध घटेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को स्वतंत्रता देने की आवश्यकता है स्वच्छंदता नहीं। वेबीनार की अध्यक्षता कर रहे प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ अजय तिवारी ने कहा कि बच्चों के परवरिश पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है तथा संयुक्त परिवार के माध्यम से सामाजिकता को बढ़ाया जा सकता है तथा अपराध की दर में कमी लाया जा सकता है। वेबीनार के विशिष्ट अतिथि डॉ वेद प्रकाश रावत एसोसिएट प्रोफेसर मनोविज्ञान विभाग, वसंता कॉलेज फॉर वूमेन, वाराणसी ने कहा कि परिवार में गुणवत्तापूर्ण संवाद घटने से लोगों में एकांकीपन बढ़ रहा है जिससे अपराध की प्रवृत्ति में वृद्धि होता है। परिवार एवं समाज में सामूहिक गतिविधियों को बढ़ाकर इसे नियंत्रित किया जा सकता है। हमें बेटियों को बेटा बनाने की आवश्यकता नहीं है।

वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक डॉ मनोज कुमार तिवारी संयोजक वेबीनार ने अपने संबोधन में कहा कि घटती सामाजिकता के पीछे व्यक्तिवादी सोच, एकांकी परिवार, समाज में विघटन, आध्यात्मिकता में कमी जैसे कारण हैं समाज में बढ़ती अपराध को बहुआयामी प्रयासों से कम किया जा सकता है। समाज के हर स्तर पर प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। डॉं मुकेश कुमार श्रीवास्तव प्रधानाचार्य जी एच एस मुसाखांड ने कहा कि आज भगवान श्री राम के मूल्य और आदर्श को आत्मसात करने की आवश्यकता है। यही से निष्ठा, त्याग, प्रेम, समर्पण और भाईचारा के आदर्शों की प्राप्ति होती है।

# भीषण गर्मी के बावजूद रक्तदाताओं में रहा भारी उत्साह, रक्त दानवीर बने रक्त भामाशाह, 160 युनिट हुआ एकत्रित


वेलकम इंडिया



**हाथरस। (जितेन्द्र कुमार) संवाददाता।** एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स के तत्वावधान में विश्व रक्तदान दिवस के अवसर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन कैला माँ ब्लड बैंक में हुआ। रक्तदानियों ने भीषण गर्मी को मात देते हुए पूरे जोश और उत्साह से रक्तदान महोत्सव में सहभागिता की। शिविर का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी व पूर्व सासंद राजेश दिवाकर एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष गौरव आर्य ने संयुक्त रूप से किया। जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने कहा कि रक्तदान दूसरों को जीवनदान देता है और हमारे शरीर को स्वस्थ रखता है एडीएचआर अपने सामाजिक सरोकार से उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं एडीएचआर के कार्यों को नमन करते हैं। पूर्व सांसद राजेश दिवाकर ने कहा कि हम ईश्वर तो नहीं बन सकते लेकिन रक्तदान जैसा ईश्वरीय कार्य तो कर सकते हैं ईश्वर जीवन देता है लेकिन मनुष्य अपने को दान जीवन बचाने का कार्य करता है एडीएचआर जैसी संस्थायें बहुत कम ही होती हैं जो अपने आप को पूर्ण समर्पित कर देती हैं अब तक एडीएचआर ने हजारों लोगों के जीवन को बचाया है इसके सभी पदाधिकारियों का बहुत बहुत साधूवाद करते हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव आर्य ने कहा कि एडीएचआर जैसी संस्थायें समाज के लिए उदाहरण होती है हमारे सामाजिक तानेबाने को मजबूत करती हैं। राष्ट्रीय महासचिव प्रवीन वार्ष्णेय ने कहा कि एडीएचआर अपने सामाजिक सरोकार से समाज में जागरूकता का भाव पैदा कर रहा है जनपद में रक्तदान की जागरूकता के लिए बहुत बडे बडे अभियान चलाये है उसी का नतीजा है कि लोग रक्तदान के लिए लालायित रहते हैं रक्तदानियों ने बहुत उत्साह दिखाया है। महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने कहा कि हमारी मातृशक्ति भी बढचढ कर भागीदारी कर रही है और जागरूकता का भाव पैदा कर रही है। सभी रक्तदानियों को उपहार स्वरूप इलैक्ट्रिक केटली देकर उनका उत्साह बर्धन किया। सुबह से ही रक्तदानियों का जन सैलाब उमड़ा रहा और यह कारवां बढता गया। समाचार लिखें जाने तक सभी ग्रुपों का 160 युनिट एकत्रित हुआ उम्मीद है शिविर समापन तक 200 युनिट एकत्रित हो जायेगी। पूर्व भाजपा अध्यक्ष गौरव आर्य ने भी रक्तदान किया। सफल शिविर की व्यवस्था में जिला महासचिव शैलेन्द्र साँवलिया, जिला कोषाध्यक्ष कमलकान्त दोबराबाल, डा.पीपी सिंह, अमित गर्ग, सुनीत आर्य,राजकुमार अग्रवाल, मुरारी चौधरी, चंदन वार्ष्णेय, अनिल अग्रवाल, इंद्रेश चौधरी, पी.सी. छाबड़ा, केशव देव अरोड़ा, अनूप अग्रवाल, रवि गुप्ता,राकेश कुमार अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, बालप्रकाश, सुनीत आर्य, सुरेंद्र वार्ष्णेय, मनोज वार्ष्णेय,। इसमें महिला इकाई की और से जिलाध्यक्ष सोनल अग्रवाल, जिला महासचिव पूजा वार्ष्णेय, आशु वार्ष्णेय, वर्षा वार्ष्णेय, प्रियमवदा वार्ष्णेय, प्रभा वार्ष्णेय, ममता अग्रवाल, रितु जैन, इंद्रा वार्ष्णेय, लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

# ट्रक के टक्कर से डिवाइडर से टकराई कार, तीन की मौत, एक घायल

वेलकम इंडिया



**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के कछवांरोड चौराहा स्थित ओवरब्रिज के पास शनिवार की सुबह दस बजे प्रयागराज से वाराणसी के तरफ जा रही फ्रॉक्स कार संख्या (यू.पी 70 एच.एल 5937) में पीछे से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने धक्का मार दिया जिससे कार अनियंत्रित होकर ओवरब्रिज के पास बने कट पर डिवाइडर से टकराते हुए सर्विस रोड पर आकर खड़ी हो गई। कार में चीखपुकार की आवास सुनकर मौके पर जुटे ग्रामीणों ने घटना की सूचना कछवांरोड चौकी पर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय व चौकी प्रभारी गणेश पटेल व एसआई रामचंद्र यादव ने गम्भीर रूप से घायल तीन लोगों को इलाज हेतु मिजार्पुर कछवां स्थित सीएसी व बीएचयू ट्रॉमा सेंटर भेजा वही एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो चुकी थी। जेब में मिले मोबाइल फोन के जरिये पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि कार चालक प्रयागराज जिले के सरायइनायत थाना क्षेत्र के कुनिहार निवासी फैसल उर्फ अफजल खान उम्र (23) वर्ष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। जबकि हड़िया के प्रयागराज निवासी अरबाज शाह उम्र (22) वर्ष, बीएसएफ का जवान अमन यादव उम्र (27) वर्ष पुत्र तेज बहादुर यादव का बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में मौत हो गया। वही झूंसी थाना क्षेत्र के कटका निवासी विनय यादव उम्र (25) वर्ष का इलाज कछवां में चल रहा था जहां से परिजनों ने इलाज हेतु प्रयागराज के स्वरूप रानी अस्पताल के लिए रेफर करवाकर लेकर चले गए। विनय के पिता विजय शंकर ने बताया कि अमन का रेलवे का पेपर वाराणसी में दो बजे से था सभी वही जा रहे थे। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को क्रेन से साइड हटवाकर रोड चालू करवाया। वही सीसीटीवी कैमरे की मदद से ट्रक व चालक के तलाश में पुलिस जुट गई। मृतक बीएसएफ का जवान अमन अपने पिता तेजबहादुर यादव का इकलौता पुत्र था। घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के घर कोहराम मच गया। मृतक अरबाज साह चार भाइयो में सबसे छोटा था इंटर के बाद आगे के पढ़ाई की तैयारी कर रहा था।

# दो लाख में प्लॉट का हुआ सौदा तय, अब पांच लाख की मांग पर अड़े विक्रेता




वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** जमीन खरीदने के नाम पर एक युवक से ठगी और फिर जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि उन्होंने दो लाख रुपये में एक प्लॉट का सौदा किया था। 50 हजार रुपये एडवांस भी दे दिए थे, लेकिन तय समय पर रजिस्ट्री नहीं कराई गई। बाद में जब रजिस्ट्री के लिए दबाव बनाया गया तो विक्रेता और उसके परिवार वालों ने पांच लाख रुपये की मांग कर दी। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। इस मामले को लेकर बिथरी चैनपुर के रहने वाले शाहिद हुसैन ने बताया है कि, 6 अक्टूबर 2023 को उन्होंने भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव हरवंशपुर उर्फ लक्ष्मीपुर की रहने वाली शबिरन पत्नी खलील अहमद से केसरपुर गांव में 200 गज का एक प्लॉट खरीदा था। जिसका उन्होंने रजिस्टर्ड एग्रीमेंट भी करवाया था। सौदा दो लाख में तय हुआ और 50 हजार रुपये बयाना भी दे दिया गया। शाहिद का आरोप है कि जब रजिस्ट्री की तारीख नजदीक आई तो उन्होंने शबिरन और उसके बेटे अकरम से कई बार संपर्क किया।

# फौजी बनकर रचाई शादी, राज खुलने पर किया अपहरण, पति और भाजपा नेता समेत कई पर मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** आर्मी का जवान बताकर शादी करने वाले युवक की हकीकत सामने आने के बाद युवती की जिंदगी नरक बन गई। ससुराल में मारपीट, दहेज के लिए प्रताड़ना और गर्भावस्था में घर से निकालने के बाद अब अपहरण और धमकी की घटना ने पीड़िता को हिलाकर रख दिया है। दरअसल ये मामला थाना इज्जतनगर निवासी युवती नीतू का है, जिसकी शादी 15 फरवरी 2023 को फरीदपुर के अरविंद यादव से हुई थी। अरविंद ने खुद को सेना में कार्यरत बताया था, लेकिन शादी के कुछ महीने बाद ही नीतू को सच्चाई का पता चला। नीतू ने बताया है कि शादी से पहले अरविंद ने खुद को फौजी बताया और सेना की वर्दी में फोटो भी दिखाए। इसी भरोसे पर परिवार ने शादी कर दी। शादी के बाद अरविंद वर्दी पहनकर जम्मू ड्यूटी का बहाना बनाकर 15 दिन के लिए घर से चला गया और फिर लौटने के बाद कभी ड्यूटी पर नहीं गया। शक होने पर जब नीतू ने पूछताछ की, तो अरविंद ने खुद ही कबूल किया कि वह सेना में नहीं है। नीतू के अनुसार, झूठ का भंडाफोड़ होने के बाद अरविंद ने मारपीट शुरू कर दी। खर्च के लिए मायके से पैसे लाने का दबाव बनाया। दहेज न मिलने पर गाली-गलौज और शारीरिक उत्पीड़न किया गया। सात माह की गर्भवती होने के बावजूद मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। पीड़िता ने दो महीने बाद बेटे को जन्म दिया, लेकिन ससुराल से कोई हालचाल लेने तक नहीं आया। तीन महीने पहले नीतू ने दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और मेंटेनेंस के लिए फरीदपुर थाने में केस दर्ज कराया। इसके बाद एक जून को वह स्कूटी की सर्विस कराने गई थी, तभी पति अरविंद, भाजपा नेता प्रदीप यादव और दो अन्य लोगों ने मिलकर उसका अपहरण कर लिया।

# एसपी ने ब्रीफ कर पुलिस सुरक्षा में 931 अभ्यर्थियों को 22 बसों से बैठाकर हरी-झण्डी दिखाकर किया रवाना

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरस।** अवगत कराना है कि आज आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 (60,244 पदों पर के सभी चरणों में अर्ह पाये गये नव-चयनित अभ्यर्थियों को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री, उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ द्वारा कमिश्नरेट लखनऊ के डिफेंस एक्सपो मैदान में कार्यक्रम आयोजित कर नियुक्ति पत्र प्रदान किये जायेंगे। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा शासन की मंशानुरूप हाथरस से पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2023 में नव-चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्त पत्र प्राप्त करने हेतु लखनऊ जाने से पूर्व रिजर्व पुलिस लाईन स्थित माधव प्रेक्षा गृह में कार्यक्रम आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए ब्रीफ किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस अशोक कुमार, क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्यामवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी लाईन राम प्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी नगर योगेन्द्र कृष्ण नारायण, क्षेत्राधिकारी अमित पाठक, नव चयनित अभ्यर्थियों के साथ जाने वाले अधिकारी-कर्मचारीगण एवं जनपद हाथरस के अभ्यर्थी आदि उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक नव नियुक्त सभी अभ्यर्थियों को देश के सबसे बडे पुलिस बल उत्तर प्रदेश पुलिस का हिस्सा बनने पर बधाई दी गई तथा बताया गया कि आप सभी एक अनुशासित बल उत्तर प्रदेश पुलिस का हिस्सा बन रहे हो, जिसका नियुक्त पत्र प्राप्त करने हेतु कमिश्नरेट लखनऊ के डिफेंस एक्सपो मैदान में जाना है। आप सभी लोग जाने और वापस आने की यात्रा के दौरान अनुशासन में रहें आप सभी के साथ जा रहे अधिकारियों के आदेश का पालन करें।

# भीषण गर्मी के बीच टाण्डा में बिजली संकट, लोग बेहाल

वेलकम इंडिया







**टाण्डा (रामपुर)।** नगर में पड़ रही भीषण गर्मी और बिजली कटौती ने लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। गर्मी के मौसम में जब तापमान आसमान छू रहा है, तब बिजली की लगातार कटौती और ट्रिपिंग से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। कई-कई घंटे बिजली नहीं मिलने से लोग बेहद परेशान हैं। पिछले कई दिनों से नगरवासी इस हालात से जूझ रहे हैं। दिन चढ़ते ही चिलचिलाती धूप शुरू हो जाती है और बिजली न होने के कारण लोग घरों में भी चैन से नहीं रह पा रहे। विभागीय मनमानी का आलम यह है कि हल्की हवा या बूंदाबांदी होते ही सप्लाई बंद कर दी जाती है। दिन हो या रात निर्बाध बिजली कभी नहीं मिल पा रही। हर समय कटौती का सिलसिला जारी है। बिजली आते ही उसके जाने का खौफ लगा रहता है। एबीसी वायर के जर्जर होने से भी बिजली की समस्या बनी हुई है। स्थिति यह है कि इनवर्टर भी चार्ज नहीं हो पा रहे। स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। अब लोग जनप्रतिनिधियों से भी नाराज होने लगे हैं। हालात यूँ ही रहे तो आने वाले दिनों में आक्रोश और बढ़ सकता है। भारतीय किसान यूनियन के नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला का कहना है कि भीषण गर्मी के बीच आम लोगों और किसानों के लिए बिजली कटौती बहुत बड़ी समस्या है। विभाग को आमजन एवं किसानों की परेशानी को समझते हुए पर्याप्त बिजली उपलब्ध करानी चाहिए। वार्ड 10 के सभासदपति अफसर अली का कहना है कि अत्यधिक बिजली कटौती से नगरवासियों के व्यवसाय और स्वास्थ्य दोनों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। विभाग को जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति में सुधार करना चाहिए। समाजसेवी सरताज जहां रहमानी का कहना है कि जून की आग बरसाती धूप और गर्मी के बीच बिजली संकट ने नगरवासियों की परेशानियों में इजाफा कर दिया है। इन्वर्टर भी जवाब दे चुके हैं। विभागीय अधिकारियों को लोगों की समस्याओं को संजीदगी से लेते हुए इसका जल्द समाधान करना चाहिए।

# एनसीआरटीसी को प्रतिष्ठित ईटी इंफ्रा रेल शो अवार्ड्स 2025 में तीन श्रेणियों में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

एनसीआरटीसी को रेलवे क्षेत्र में इसके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित ईटी इंफ्रा रेल शो अवाड्र्स 2025 में तीन श्रेणियों में सम्मानित किया गया है। ये पुरस्कार शुक्रवार, 13 जून को आयोजित समारोह में प्रदान किए गए। एनसीआरटीसी को ह्यसर्वश्रेष्ठ एकीकृत संपत्ति विकास/ट्रांजिट ओरिएंटेड ड े व ल ा प ा म ा ें ट ह्ल, ह्यएमआरटीएस/आरआरटीएस के लिए सर्वश्रेष्ठ परियोजना समयसीमाह्ल, और ह्यसर्वश्रेष्ठ ट्रैक बिछाने की तकनीकह्ल श्रेणियों में ये सम्मान प्रदान किए गए हैं। एनसीआरटीसी देश के प्रथम नमो भारत कॉरिडोर (दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ) का निर्माण कर रहा है। यह परियोजना अत्याधुनिक तकनीकों के उपयोग, एकीकृत योजना और सतत व कुशल विकास पर आधारित है, जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में तेज, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा के नए युग की शुरूआत कर रही है। सर्वश्रेष्ठ ट्रैक बिछाने की तकनीक श्रेणी में एनसीआरटीसी द्वारा अपनाई गई प्री-कास्ट स्लैब ट्रैक तकनीक इस श्रेणी में निर्णायक रही। नमो भारत ट्रेनें देश की एकमात्र ट्रेनें हैं, जो बीते 1.5 वर्षों से सफलतापूर्वक 160 किमी/घंटा की अधिकतम गति से संचालित हो रही हैं। 180 किमी प्रति घंटे की डिजाइन गति वाली इस सेमी हाई-स्पीड ट्रेन के लिए यह तकनीक विश्वसनीयता, कम रखरखाव और आरामदायक सफर का बेहतरीन समाधान है। साथ ही प्री-कास्ट स्लैब ट्रैक का जीवन-काल 50झ्र100 वर्षों का होता है और इसे न्यूनतम रखरखाव की आवश्यकता होती है। यह प्रणाली कंपन और झटकों को कम कर एक आरामदायक और स्थिर यात्रा अनुभव प्रदान करती है। साथ ही, यह तकनीक तेज निर्माण और आसान प्रतिस्थापन में भी सहायक है, जो इस तकनीक को नमो भारत जैसे हाई परफॉर्मेंस ट्रेन कॉरिडोर के लिए उपयुक्त बनाती है। सर्वश्रेष्ठ परियोजना समयसीमा श्रेणी का पुरस्कार एनसीआरटीसी द्वारा परियोजना को तेजी से कार्यान्वित करने की उपलब्धि को दशार्ता है। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर का पहला 17 किमी का प्रायोरिटी सेक्शन (साहिबाबाद से दुहाई डिपो) 21 अक्टूबर 2023 को यात्रियों के लिए चालू किया गया था। इसके बाद विभिन्न खंड चरणबद्ध तरीके से चालू किए जा रहे हैं। यह भारत की उन दुर्लभ जन-आधारित इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में से एक है, जिसने निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य किया है—वह भी तब जब यह प्रणाली भारत में पहली बार अत्याधुनिक तकनीकों के साथ लागू की जा रही थी और कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी की चुनौती भी सामने थी। वर्तमान में कॉरिडोर पर 55 किमी लंबे खंड में 11 स्टेशनों पर नमो भारत ट्रेन सेवाएं परिचालित की जा रही हैं, और शेष हिस्सों पर ट्रायल रन किए जा रहे हैं। इस वर्ष में सम्पूर्ण 82 किमी लंबा कॉरिडोर निर्धारित समय के भीतर चालू कर दिया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ एकीकृत संपत्ति विकास/ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट श्रेणी में प्राप्त सम्मान यह दशार्ता है कि एनसीआरटीसी ने ट्रांजिट कॉरिडोर के आसपास स्थायी और योजनाबद्ध शहरी विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



## ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से घुसी कार, दो फल कारोबारियों की मौत

**बुलंदशहर।** अमरोहा में कार हादसे में दो फल कारोबारियों की दर्दनाक मौत हो गई। वह रामनगर से लीची का सौदा कर घर जा रहे थे। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त विवरणुसार झनकपुरी गांव के पास हाईवे पर शनिवार की तड़के 4:30 बजे तेज रफ्तार कार आगे चल रही ईंटें भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से घुस गई। हादसे में बुलंदशहर निवासी फल कारोबारी उमेश (35) और फुरकान (45) की मौके पर मौत हो गई। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। दोनों फल कारोबारी रामनगर की मंडी से लीची खरीदकर घर लौट रहे थे। बुलंदशहर के स्याना अड्डा हीरापुर निवासी उमेश कुमार और मोहल्ला नस्ल घाट चौकी क्षेत्र निवासी फुरकान फल कारोबारी थे। दोनों की फल के कारोबार में साझेदारी भी थी। बीती सुबह उमेश कुमार और फुरकान लीची लेने के लिए रामनगर के कालाडोंगी मंडी गए थे। लीची खरीदकर भिजवाने के बाद देर रात में एक कार में सवार होकर बुलंदशहर वापस लौट रहे थे।

# आठ जालसाज गिरफ्तार, बुजुर्गों को जवान दिखाकर कराते थे बीमा, हड़प लेते थे क्लेम

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** एसटीएफ टीम के हांथ एक बड़ी सफलता लगी है जिसमें एसटीएफ ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत फर्जी बीमा कर लाखों रुपये का क्लेम हड़पने वाले एक गिरोह का पदार्फाश किया है। टीम ने आठ लोगों को गिरफ्तार कर भोजीपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। काफी दिनों से गलत तरीके से बीमा करवाकर क्लेम हड़पने वाले गिरोह के बारे में सूचनाएं मिल रहीं थीं। एसटीएफ के एएसपी अब्दुल कादिर को सूचना मिली कि जीवन ज्योति योजना के तहत फर्जी बीमा करने वाले गिरोह के सदस्य भोजीपुरा क्षेत्र में नैनीताल हाईवे पर हैं। टीम ने मौके पर पहुंचकर आठ लोगों को पकड़ लिया। टीम इन्हें भोजीपुरा थाने ले आई। आरोपियों में भोजीपुरा थाना क्षेत्र के कंचनपुर निवासी राहुल गिहार, पीपलसाना चौधरी निवासी जगदीश, बंटी, नरेंद्र उर्फ नंदू, मॉडर्न विलेज निवासी सुरेंद्र गंगवार,




दियोरिया निवासी बासिद, सुभाषनगर के मोहल्ला अशोकनगर निवासी संदीप और इज्जतनगर ऐरो सिटी निवासी प्रभाकर त्रिपाठी शामिल थे। जबकि, एक आरोपी योगेश अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। उसकी तलाश की जा रही है। पकड़े गए लोगों के पास से टीम को 14 क्लेम फार्म, 23 मूल आधार कार्ड, 33 बैंक पासबुक, 6 पैनकार्ड, 66 ग्राम प्रधान द्वारा हस्ताक्षर किए निवास संबंधी प्रमाणपत्र, 12 मोबाइल, 85 डाक टिकट, 3300 रुपये नकद बरामद किए हैं। ये शातिर लोग बुजुर्गों का फर्जी आधार कार्ड बनाकर उनकी उम्र कम दिखाकर बीमा करते थे। उनकी मौत होने के बाद लाखों रुपये का क्लेम लेकर रकम हड़प लेते थे। कई फाइल ऐसी मिलीं जिसमें मृत्यु से कुछ दिन पूर्व ही बीमा कराया गया था। शक होने पर भुगतान रोककर इन फाइलों की जांच शुरू की गई। 80 से 85 वर्ष के वृद्धों की उम्र करीब 48 साल दिखाकर बीमा किए गए थे। काफी समय से इस गिरोह की गतिविधियों पर नजर थी। फिलहाल आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनसे पूछताछ की जा रही है, नए खुलासों के साथ नए आरोपी सामने आ सकते हैं।

## परिवार परामर्श केंद्र बना अखाड़ा, खूब चले लात घूंसे



**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** पुलिस लाइन में मौजूद परिवार परामर्श केंद्र शनिवार को अखाड़े में तब्दील हो गया। बताया जा रहा है कि लड़का और लड़की ने अलग रहने पर रजामंदी बना ली थी। मगर बात उस वक्त बिगड़ी जब लड़की ने लड़के को चप्पल दिखाई। इतने पर भी मन नहीं भरा तो उसको थप्पड़ जड़ दिया। फिर क्या था देखते ही देखते दोनों पक्षों में लात घूंसे चलने लगे। दरअसल नवाबगंज के रहने वाले युवक का निकाह डेढ़ साल पहले क्षेत्र के ही एक गांव की रहने वाली युवती से हुआ था। मगर शादी के बाद लड़का पक्ष ने लड़की के चरित्र पर सवाल खड़े किए। दूसरे लड़कों से भी उसके संबंध होने के आरोप लगाए। दूसरी तरफ लड़की भी शादी के बाद लड़के के साथ रहने को राजी नहीं थी। लिहाजा परामर्श केंद्र में मामला पहुंचा तो दोनों पक्षों ने अलग होने पर सहमति जताई। लिखा-पढ़ी के बाद शादी में दिया गया सामान भी वापस दे दिया गया।

# रक्तदानः जीवन की सबसे सुंदर भेंट है, हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मेरठ।** इसी संदेश के साथ आई ड्रीम टू ट्रस्ट (रजि.) द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित 29वां भव्य रक्तदान शिविर 14 जून 2025 को फलावदा (मेरठ) में ऐतिहासिक रूप से सफल रहा। शिविर में कुल 55 यूनिट रक्त एकत्रीत हुआ।

शुभारंभ समारोहः शिविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान (मन्दवाडी) श्री फतेह सिंह जी, फलावदा के प्रमुख व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि श्री योगेन्द्र कुमार, श्री मनोज कुमार, श्री राकेश कुमार एवं श्री पप्पू सैनी (सभी व्यापार संघ सदस्य) ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया और सभी रक्तदाताओं का अभिनंदन किया। शिविर की विशेषताएंः यह शिविर शिव मंदिर, केनरा बैंक के सामने आयोजित किया गया, जहाँ युवाओं व समाज सेवियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और श्रक्तदान जीवनदान है के संदेश को सार्थक किया। आयोजन स्थल पर सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं स्वच्छता के साथ उपलब्ध थीं, जिससे हर रक्तदाता को सम्मानित अनुभव प्राप्त हुआ।



**शिविर की सफलता के स्तंभः** इस आयोजन को सफल बनाने में आई ड्रीम टू ट्रस्ट की समर्पित टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संस्था के सदस्यों में राजन चौधरी (संस्थापक), गौरव शर्मा, प्रशांत मोतला, मोनी प्रधान ने पूरी निष्ठा के साथ प्रबंधन व संचालन किया। रक्त संग्रहण की जिम्मेदारी भारतीय चैरिटेबल ब्लड बैंक, मवाना की कुशल टीम ने निभाई, जिनमें प्रमुख रूप सेः डॉ. कैलाश राणा (निदेशक), आरित (टेक्निकल सुपरवाइजर), अंकित, आदिल, साहिल व तवनी राज ने निपुणता व सेवा भावना के साथ कार्य किया।

**सम्मान एवं प्रेरणाः** प्रत्येक रक्तदाता को संस्था की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं धन्यवाद स्वरूप स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। आयोजन के अंत में सभी मुख्य अतिथियों और सहयोगी सदस्यों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजन चौधरी ने कहा श्रक्तदान न केवल जीवन बचाता है, बल्कि समाज को जोड़ने वाली एक मजबूत कड़ी भी है। हर रक्तदाता सच्चा नायक होता है।

## नगर निगम वार्डों का निरीक्षण वित्त मंत्री और महापौर ने लिया



**वेलकम इंडिया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री एवं लखनऊ जनपद के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने शनिवार सुबह नगर निगम लखनऊ के विभिन्न वार्डों का स्थलीय निरीक्षण किया। उनके साथ लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल भी मौजूद रहीं। निरीक्षण का उद्देश्य शहर में साफ-सफाई, जलनिकासी, सड़कों की मरम्मत तथा पार्कों की वर्तमान स्थिति का वस्तुनिष्ठ आकलन करना था। निरीक्षण का यह दौरा शनिवार सुबह जोन-1 के रानी लक्ष्मीबाई वार्ड (अमीनाबाद घंटाघर के पास) से प्रारंभ हुआ, जिसके पश्चात जोन-3 के डालीगंज निरालानगर, अयोध्यादास सेकेंड, फैजुल्लागंज सेकेंड और विवेकानंद पुरी वार्ड में व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने विभिन्न स्थलों पर साफ-सफाई में कमी, जलभराव की स्थिति और सड़क मरम्मत की गति पर अधिकारियों से सीधे सवाल किए और तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर लखनऊ उत्तर से विधायक डॉ. नीरज बोरा, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह, जीएम जलकल कुलदीप सिंह, चीफ इंजीनियर महेश वर्मा, जोनल अधिकारी मनोज प्रभात सहित कई अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। सुरेश खन्ना ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता को मूलभूत सुविधाएं देने के प्रति प्रतिबद्ध है और नगर निगम को और अधिक उत्तरदायी बनाना उनकी प्राथमिकता है। वहीं महापौर सुषमा खर्कवाल ने आश्वस्त किया कि निरीक्षण में जो भी खामियां पाई गईं, उन्हें जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाएगा।

## विश्व रक्तदान दिवस पर सीएचसी कुंडा में इंडियन प्रेस काउंसिल ने लगवाया रक्तदान शिविर

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

**प्रतापगढ।** कुंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को विश्व रक्तदान दिवस पर इंडियन प्रेस काउंसिल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ सीएचसी अधीक्षक डा. राजीव त्रिपाठी व इंस्पेक्टर अवन दीक्षित ने फीता काटकर किया। इसके बाद जिला अस्पताल ब्लड बैंक की काउंसलर कुसुम लता गुप्ता की अगुवाई में लैब टेकनीशियन आशिक अली, शिवम, सौरभ, वार्डबॉय महेंद्र व आशुतोष की टीम ने लोगों से रक्त निकालने की कार्यवाही की। रक्तदान शिविर में सीओ अमर नाथ गुप्ता, इंस्पेक्टर अवन दीक्षित, एसआई धर्मेंद्र वर्मा, सिपाही जाहर सिंह, संगठन के संस्थापक वीसी मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव कुलदीप कुमार, जिला संरक्षक अजय मिश्रा, तहसील अध्यक्ष लोकेश मिश्रा, महामंत्री संदीप साहू,



प्रकाशन मंत्री संदीप यादव सोनू गुप्ता, अजीत मिश्रा, दिनेश पाल, मुनेश्वर पांडेय, देवेंद्र अग्रहरि, अमित अग्रहरि, आलोक मिश्रा, अमर नाथ यादव, अमित कुमार गुप्ता, शिव शंकर मौर्या, कृपालु महाविद्यालय की छात्रा खुशी मिश्रा व शालिनी यादव समेत 23 रक्तवीरो ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले रक्तवीरो को सीओ अजीत सिंह, इंस्पेक्टर अवन दीक्षित, सीएचसी अधीक्षक डा. राजीव त्रिपाठी समेत अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ॰ रोहित सिंह, वीसीपीएम आशीष द्विवेदी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री आनंद शुक्ला, रामू पांडेय, काशी राणा, संजय शुक्ला, शिवेंद्र तिवारी, अंकुश यादव, अमित पटेल, अर्जुन पाल, अनुराग तिवारी आदि मौजूद रहे।

## सीएससी बैंक मित्रो की कार्यशाला का किया गया आयोजन

**वेलकम इंडिया**

लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश में आज सरकारी बैंक मित्रों की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन देवकली रोड स्थित फरएळक मे किया गया, जिसमें बैंक मित्रों को बैंकिंग सेवाओं के साथ माननीय प्रधानमंत्री मंत्री जी के नेतृत्व में संचालित ढटरइ, ढटखखइ और अटल पेंशन योजन के लाभ के साथ लोन की लीड करके क्षेत्र के लोगों की सहायता के साथ सीएससी श्छए साथियों की आय को बढ़ाने हेतु प्रशिक्षण के साथ जागरूक किया गया। इस बैठक में अधिकतम इण्डियन बैंक के बैंक मित्र थे इन सभी जिले में इंडियन बैंक अग्रणी बैंक होने के नाते अधिकतम लोगो बैंक सुविधाएं प्रदान करने के लिए शिक्षित किया गया। इस




बैठक में सीएससी राज्य कार्यालय से श्री शशि कान्त, प्रबंधक, क्षेत्रीय वरिष्ठ प्रबंधक श्री इंद्रा कुमार शुक्ला, ऋक कोऑर्डिनेटर चन्द्र प्रकाश सिन्हा, जिला प्रबन्धक विवेक अस्थाना व अमरीश कुमार वर्मा की उपस्थिति में बैंक मित्रों को आय बढ़ाने की दिशा में प्रशिक्षण दिया गया। इस बैठक में जनपद 30 बैंक मित्र उपस्थित हुए और बैठक के माध्यम से आय के साथ क्षेत्र के लोगों की बैंकिंग क्षेत्र में मदद करने हेतु चर्चा भी की।

## भाजपा सरकार एक षड्यंत्र के तहत पिछड़ों वंचितों दलितों का आरक्षण खत्म करने पर तुली हुई हैः योगी

**वेलकम इंडिया**

**हांसी ।मनमोहन शर्मा।** भाजपा सरकार प्रदेश में आने से पहले मुख्यमंत्री नायाब सैनी पिछड़ों को कभी 27% प्रथम और द्वितीय नौकरियों में आरक्षण पूरा देने का ढिंढोरा पीटते थे कभी राजनैतिक मान सम्मान के नाम पर ठगने का काम कर रहे थे जिन वर्गों ने भाजपा को सत्ता में बैठाने का काम किया आज सबसे बड़ा छल उन्हीं के साथ हो रहा है। ये आरोप केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड के पूर्व चेयरमैन कांग्रेसी नेता योगेंद्र योगी ने प्रेस के नाम जारी बयान में लगाते हुए कहा कि हरियाणा में सरकारी नौकरी के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षा उएळ के फॉर्म भरे जा रहे हैं और जिसमें लेटेस्ट रिजर्व केटेगरी



सर्टिफिकेट मांगा गया है पर हरियाणा में सरल वेबसाइट ठीक से काम नहीं कर रही है जिसकी वजह से नए रिजर्व केटेगरी सर्टिफिकेट नहीं बन पा रहे हैं । मजबूरन आरक्षित श्रेणी के छात्रों को ओपन केटेगरी में फॉर्म भरना पड़ रहा है । कहीं से तो ऐसी शिकायतें भी आ रही हैं कि फार्म भरने वाले के माता पिता जीवित हैं लेकिन उनके मृत्यु प्रमाण पत्र मांगे जा रहे हैं।

## श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का कलश यात्रा से हुआ शुभारंभ

**वेलकम इंडिया**

**नरौरा।** राजघाट में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का कलश यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ,शनिवार की प्रातः दण्डी स्वामी प्रबोधाश्रम व दण्डी स्वामी ब्रह्मानन्द सरस्वती के सानिध्य में आचार्य प्रवर दिवाकर बशिष्ठ द्वारा गंगा तट पर गंगा का व कलश पूजन ब्रह्मचारी ज्ञानेश्वर स्वरूप द्वारा पंचांग पूजन के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ ।गंगा तट से द्ण्डी स्वामी, संत,महात्माओं वेद विद्यार्थियों व सैकड़ों की संख्या में माताओं बहनों के साथ विशाल कलश यात्रा तथा श्रीमद्भागवत की शोभा यात्रा बैंड वाजों के साथ दुर्गा मन्दिर से मुख्य मार्ग से होती हुई करपात्र धाम कल्याण आश्रम में स्थित रामेश्वर मण्डप में जाकर सम्पन्न हुई ।शोभा यात्रा का राजघाट के लोगों द्वारा पुष्प बर्षा तथा ठंडे शर्बत पिलाकर स्वागत किया। जहां श्रीमद भागवत का मूल पाठ द्वादश ब्राह्मणों द्वारा प्रारंभ हुआ जिनका पूजन ब्रह्मचारी सर्वेश्वर स्वरूप प्रयागराज ने किया ।कथा व्यास दण्डी स्वामी ब्रह्मानन्द सरस्वती ने कथा के माहात्म्य का बर्णन किया,कार्यक्रम में दक्षिण से पधारे दण्डी स्वामी नरसिंह भारती तीर्थ, स्वामी प्रबोधा आश्रम महाराज, आचार्य भालचंद शौचे नासिक, वशिष्ठ नारायण ,मदनमोहन शर्मा सुनील शर्मा आचार्य सहित ,हरिहर चैतन्य, आचार्य स्वदेश स्वरूप ब्रह्मचारी, स्वामी ज्ञानेश्वर स्वरूप महाराज,सुमित भारद्वाज,कैलाश पाठक,विनोद द्विवेदी,डा प्रवीन पांडे प्रयागराज,दिव्यांग लवानिया,शिव कुमार शर्मा,जीतू पाठक ,रवि गोयल आदि मौजूद रहे।

# धरनारत छात्रों के प्रतिनिधिमण्डल के साथ राज्यपाल व मुख्यमंत्री से मिलेंगेः सुरजेवाल

**वेलकम इंडिया**

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्रों पर हुई बर्बरता के विरोध में छात्रों को अपना समर्थन देने व घायल छात्रों का हाल-चाल जानने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, राज्यसभा सांसद व कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला हिसार पहुंचे। उन्होंने धरनारत छात्रों की सभी मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी मजबूती से छात्रों की मांगों के लिए प्रति उनके साथ खड़ी है। रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि वे मुख्यमंत्री व राज्यपाल को पत्र लिखकर उनसे समय लेकर छात्रों के प्रतिनिधिमण्डल को उनसे मिलवाएंगे ताकि छात्रों की मांगों का जल्द से जल्द समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमण्डल में कांग्रेस नेता भी उनके साथ जाएंगे ताकि छात्रों की मांगों को पुरजोर तरीके से उठाया जा सके। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जल्द ही धरनारत छात्रों से फोन पर बात करेंगे, इसके लिए उन्होंने दो छात्रों के मोबाइल नम्बर भी लिए। राहुल गांधी व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे दोनों ही छात्र नेताओं से बात करेंगे तथा उनका हालचाल जानेंगे। युवाओं की लड़ाई संसद से लेकर सडक तक लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश व केन्द्र सरकार शिक्षा का व्यवसायीकरण करने पर तुली है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का 5000 करोड़ रुपये का बजट काट दिया गया है। जबकि प्रदेश के विश्वविद्यालयों के बजट में भी लगभग एक हजार करोड़ रुपये की कटौती की गई है। प्रदेश सरकार ने भी हकृवि, गुजवि, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के साथ-साथ सोनीपत की इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी का भी बजट काट दिया गया।



## मारूफ इंसाफ क्लीनिक के सौजन्य से ठंडा शरबत वितरण किया गया

**बुगरासी।** कस्बे की बस स्टैंड पर इंसाफ क्लीनिक के सौजन्य से डॉक्टर मारूफ ने समस्त स्टाफ द्वारा शनिवार दोपहर को भीषण गर्मी को देखते हुए डॉक्टर साहब ने अपने क्लीनिक के सामने साप्ताहिक बाजार में आए कस्बे व ग्रामीणों को ठंडा शरबत पिलाकर लोगों को भीषण गर्मी से राहत देने की कोशिश की। डॉक्टर साहब ने सभी क्षेत्रवासियों से जानकारी देते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी में सभी लोग ज्यादा से ज्यादा पानी पिए। बिना वजह कोई भी व्यक्ति घर से बाहर न जाए। अंत में उन्होंने कहा इस प्रकार के आयोजनों से पुण्य मिलता है एवं जनमानस की सेवा का भी भाव बढ़ता है। इस दौरान क्लीनिक के समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# काईट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने बाहा एसएई इंडिया एलेवेट कार्यक्रम की मेजबानी की

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद,( अनिल वशिष्ठ )।** काईट ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस, गाजियाबाद ने एसएई इंडिया के सहयोग से बाहा एसएई इंडिया एलेवेट कार्यक्रम की मेजबानी की, जो महत्वाकांक्षी ऑटोमोटिव इंजीनियरों के बीच नवाचार, इंजीनियरिंग कौशल और नेतृत्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक प्रमुख कार्यक्रम है। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि श्री बलराज भनोट (पूर्व निदेशक, एआरएआई), विशिष्ट अतिथि श्री यूडी भंगाले, कार्यकारी निदेशक, एसएईइंडिया उत्तरी अनुभाग, श्री बलराज सुब्रमण्यम (अध्यक्ष, आयोजन समिति, बाहा एसएईइंडिया 2026), श्री तेजस बाभले (न्यायाधीश, बाहा एसएईइंडिया), डॉ. आशीष कर्णवाल (डीन - मैकेनिकल इंजीनियरिंग केआईईटी) और डॉ. प्रीति चिटकारा (पीआर और अंतर्राष्ट्रीय संबंध केआईईटी प्रमुख) की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन समारोह के साथ हुई। एस. हरिहरन (आयोजन समिति के सदस्य, महिंद्रा एंड महिंद्रा), नितिन कुमार (चिदुरला, वरिष्ठ इंजीनियर, आनंद समूह), आकाश




तिवारी (योजना इंजीनियर, स्वेको) और प्रवीण चौरे (वरिष्ठ इंजीनियर, आनंद समूह) भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे। इन प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने इंजीनियरिंग नेतृत्व, बाहा परियोजनाओं के वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों और टिकाऊ गतिशीलता समाधानों के बढ़ते महत्व पर अपने दृष्टिकोण साझा किए। कार्यक्रम की शुरूआत केआईईटी में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के डीन डॉ. आशीष कर्णवाल द्वारा गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई, जिन्होंने गणमान्य व्यक्तियों, अतिथियों और प्रतिभागियों का अभिवादन किया। उन्होंने एसएईइंडिया के मिशन और इसके प्रमुख कार्यक्रमों जैसे कि बाहा, ईएफएफआई और सुप्रा का संक्षिप्त विवरण भी दिया, जिसमें इंजीनियरिंग छात्रों पर उनके परिवर्तनकारी प्रभाव को रेखांकित किया गया। एलिवेट कार्यशाला का उद्देश्य इंजीनियरिंग छात्रों को इंटरैक्टिव सत्रों, एटीवी (ऑल-टेरेन व्हीकल) डिजाइन और विकास में गहन जानकारी, तथा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और ग्रीन इंजीनियरिंग में उभरती प्रौद्योगिकियों की प्रत्यक्ष जानकारी के माध्यम से सशक्त बनाना था। मुख्य अतिथि श्री बलराज भनोट ने भारतीय ऑटोमोटिव उद्योग में अपने समृद्ध अनुभवों से अमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की और छात्रों को अपने जुनून का पालन करने और विकसित हो रहे मोबिलिटी परिदृश्य में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने काईट को छात्रों को ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में वास्तविक जीवन का अनुभव प्रदान करने के लिए एआरएआई के साथ सहयोग करने का भी सुझाव दिया। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. बलराज सुब्रमण्यम ने बाहा एसएईइंडिया कार्यक्रम के विकास और विकास पर एक आकर्षक समयरेखा प्रस्तुत की, जिसमें बताया गया कि आयोजन समिति किस तरह से हर साल इस कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए अपने दृष्टिकोण का विस्तार कर रही है। उन्होंने कहा, ₹यह कार्यशाला उत्तरी क्षेत्र के प्रतिभागियों के लिए 2026 में होने वाली वास्तविक प्रतियोगिता के प्रत्येक पहलू को समझने के लिए एक प्री-ब्रीफिंग प्लेटफॉर्म है।₹ उद्घाटन समारोह का समापन एसएई केआईईटी कॉलेजिएट क्लब के संकाय सलाहकार श्री तुहिन श्रीवास्तव द्वारा हार्दिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिन्होंने आयोजन टीम, भाग लेने वाले कॉलेजों और सहयोगी कर्मचारियों के सहयोगात्मक प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने इस कार्यक्रम को एक शानदार सफलता बनाया। इसके बाद परिसर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई जिसमें डॉ. मनोज गोयल (संयुक्त निदेशक-काइट) और डॉ. आदेश पांडे (निदेशक अकादमिक) के साथ-साथ उद्योग के विशेषज्ञ भी शामिल हुए। डॉ. मनोज गोयल ने बताया, ₹काइट 2017 से बाहा एसएई इंडिया की सभी गतिविधियों और कार्यक्रमों में भाग ले रहा है। एक संस्थान के रूप में, हमारा मानना है कि यह छात्रों के लिए कक्षा में सीखने से परे सीखने का एक शानदार अवसर है।

# डीएम ने राजकीय संयुक्त चिकित्सालय, सिकंदराबाद का किया औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया

बुलंदशहर जिलाधिकारी श्रुति ने राजकीय संयुक्त चिकित्सालय, सिकंदराबाद का औचक निरीक्षण करते हुए मरीजों को डॉक्टर द्वारा दिए जा रहे उपचार एवं अस्पताल में सुविधाओं के बारे में जायजा लिया। वार्ड, अल्ट्रासाउंड कक्ष, ओपीडी, रजिस्ट्रेशन कक्ष, दवा वितरण, लैब आदि का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रजिस्ट्रेशन कक्ष में मरीज की पर्चा बनाते समय कर कतिपय मरीजों के मोबाइल नंबर दर्ज नहीं पाए गए। निर्देशित किया गया कि सभी मरीजों के मोबाइल नंबर लेकर उन्हें रजिस्टर/ऑनलाइन अंकित किया जाए। दवा वितरण कक्ष में दवा वितरण के बारे में जानकारी ली गई। मरीजों के पर्चो पर दवा लिखी मिली किंतु संबंधित डॉक्टर के साइन एवं मुहर नहीं पाया गया। सीएमएस को निर्देशित किया गया कि सुनिश्चित



कराया जाए कि जो भी डॉक्टर मरीज को दवा लिख रहे हैं वह पर्चे पर साइन एवं मुहर अवश्य लगाए जिससे यह ज्ञात हो सके कि किस डॉक्टर द्वारा मरीज को दवा लिखी गई है। साथ ही मरीजों को दिए जा रहे उपचार के बारे में भी विवरण रखा जाए कि किस मरीज को क्या क्या उपचार दिया गया। लैब में आज की गई जांच के बारे में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। सीएमएस को निर्देशित किया गया कि जो भी छोटी छोटी कमियां हैं उन्हें दूर कराकर मरीजों को उपचार दिया जाए। साफ सफाई का ध्यान रखा जाए। सरकार द्वारा मरीजों के उपचार के लिए सभी प्रकार की सुविधाओं को मुहैया कराया जा रहा है इसलिए उनका सदुपयोग करते हुए लोगों को उसका लाभ दिलाए।

इस अवसर पर सीएमओ डॉ सुनील कुमार दोहरे, सीएमएस सहित सम्बंधित चिकित्सा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मोदीनगर में राज चौपला-हापुड़ रोड पर प्रस्तावित आर.ओ.बी. के बन जाने से जाम की समस्या से मिलेगी निजात

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** सांसद डा0 राजकुमार सांगवान व विधायक डा0 मंजू शिवाच के प्रयास स्वरूप शासन स्तर पर मोदीनगर पर व्यस्ततम राज चौपला एवं मोदीनगर-हापुड़ रोड रेलवे क्रासिंग पर प्रस्तावित रेलवे ओवर ब्रिज को स्वीकृति मिल जाने के बाद अब उत्तद प्रदेश सेतु निगम द्वारा निर्माण संबंधी प्रक्रिया व औपचारिकताएं में शुरू कर दी गई है। प्रस्तावित आरओबी के बन जाने के बाद मेरठ-दिल्ली मुख्य मार्ग एवं मोदीनगर-हापुड़ रोड व राज चौपले पर आए दिन लगने वाले यातायात जाम की विकट समस्या से काफी राहत मिलेगी। शहरवासियों के साथ-साथ जुड़े दर्जनों गांव के ग्रामीणों, विद्यार्थियों, गन्ना उत्पादकों, किसानों, कारोबारियों आदि को भी यातायात सुविधा हो जाएगी। आवागमन में उनका समय, धन व श्रम बर्बाद होने से बचेगा, साथ ही वायु व ध्वनि प्रदूषण भी अपेक्षाकृत काफी कम हो जाएगा। जानकार सूत्रों की मानें तो लगभग 700 मीटर लंबे एवं वाई आकार में बनने वाले प्रस्तावित आरओबी के निर्माण पर 200 करोड़ की अनुमानित लागत आएगी। उत्तर प्रदेश सेतु निगम में प्रस्तावित रेलवे ओवर ब्रिज को बनाकर लोक निर्माण विभाग को 2027 तक सौंपने की समयावधि निर्धारित की है। प्रस्तावित आरओबी का बजट स्वीकृत हो जाने के बाद अब टेण्डर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। निविदा (टेण्डर) के माध्यम से निर्माण करने वाली कार्यदायी फर्म का चयन कर संभवतः जून मासात्त तक निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जागगा।

भूमि अधिग्रहण हेतु भू-स्वामियों से संपर्क- जानकार सूत्रों के अनुसार प्रस्तावित आर.ओ.बी. के निमार्णार्थ भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया के अन्तर्गत सेतु निगम के अधिकारी भू-स्वामियों से संपर्क साधने में लगे हैं। अधिगृहित भूमि के ऐवज में उन्हें उचित मुआवजा राशि भी दी जाएगी। इसके अलावा विद्युत पोल एवं आईजीएल गैस कंपनी की पाइप लाइन शिफ्टिंग का भी कार्य होगा।

# बेहतर होगा की मनीष सिसोदिया द्वारा सरकारी स्कूलों में किये स्कूल रूम घोटाले पर ए.सी.बी. के सवालों का जवाब दें : दिल्ली भाजपा अध्यक्ष

एहसान अंसारी

नई दिल्ली 14 जून : दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की अरविंद केजरीवाल एवं मनीष सिसोदिया से लेकर सु आतिशी मालेर्ना एवं सौरभ भारद्वाज तक पूरी आम आदमी पार्टी ने 10 साल की सत्ता के दौरान शिक्षा सुधार एवं प्राइवेट स्कूल फीस जैसे संवेदनशील मुद्दों पर घड़ियाली आंसू बहाये और आज भी कुछ बड़े प्राइवेट स्कूलों की मैनेजमेंट से सांठगांठ में हैं और उनके इशारे पर भाजपा की नवनिर्वाचित सरकार द्वारा फीस नियंत्रण कानून पर भ्रम फैला रहे हैं। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की मनीष सिसोदिया का आज का ब्यान एक झूठ का पुलिंदा है।

सिसोदिया बतायें की यदि उनकी सरकार ने कथित शिक्षा माफिया पर कोई लगाम लगाई थी तो वो इतनी कमजोर क्यों थी की वह उनके जाते ही टूट गई। यदि कोई कानून था तो इतना कमजोर कैसे निकला - सच यह है केजरीवाल सिसोदिया सरकार ने प्राइवेट स्कूलों पर लगाम लगाने के लिए कभी कोई कानून बनाया सी नही। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की सच यह है की केजरीवाल के दस साल के शासन में सभी छोटे बड़े प्राइवेट स्कूलों की फीस दो से चार गुना बढ़ाई और जो स्कूलों को लेकर मुकदमे चल रहे हैं। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की यह भाजपा सरकार की स्कूल फीस पर छात्रों एवं अभिवावकों के



प्रति संवेदनशीलता है की मती रेखा गुप्ता सरकार चार माह से कम समय में ऐसा कानून लाई है जिसके चलते कोई भी प्राइवेट स्कूल अभिवावकों की सहमति के बिना स्कूल फीस में कोई वृद्धि नही कर सकेंगे। सच यह है की केजरीवाल - सिसोदिया ने प्राइवेट स्कूलों पर कोई लगाम नही लगाई, उनके विरूद्ध कोई कानून नही बनाया और आज जब भाजपा सरकार ने फीस रेगूलेशन पर कानून बनाया है तो पूरी आम आदमी पार्टी बड़े प्राइवेट स्कूलों के इशारे पर भ्रम फैला रही है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की भाजपा सरकार ने एक संवेदनशील सरकार की तरह हर प्राइवेट स्कूल में फीस वृद्धि पर निर्णय के लिए 5 अभिभावकों सहित 11 सदस्य कमेटी बनाई है और स्कूल तभी फीस बढ़ा सकेंगे जब कमेटी एकमत होगी।

वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की बेहतर होगा की मनीष सिसोदिया बड़े बड़े प्राइवेट स्कूलों के इशारे पर प्रोपेगैंडा करने के अपने द्वारा सरकारी स्कूलों में किये स्कूल रूम घोटाले पर ए.सी.बी. के सवालों का जवाब दें।

# गांव डिडोली में वित्तीय साक्षरता जागरूक कैंप का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** स्थानीय ग्राम डिडोली मे आयोजित आर० बी०आई द्वारा संचालित सी एफ एल पैक्स के सहयोग से से एक वित्तीय साक्षरता जागरूक कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नाबाई से डीडीएम श्रीमति अलका थी। उन्होंने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा बहुत सारी योजनाएं संचालित की जा रही है जैसे सुकन्या, समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सिविल स्कोर, साइबर फ्रॉड से बचने के तरीके, केवाईसी और के. सी सी और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आर० बी




आई एलडीओ कु० प्रतिभा इंदोरिया गाजियाबाद से एल डी०एम बुद्धराम, महिला उन्नति प्रशिक्षण संस्थान से राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमति दुर्गेश शर्मा, ग्राम प्रधान ललित त्यागी सहित अन्य लोगो ने भी किसानों को सम्बोधित किया। बी० पैक्स डिडौली के सचिव ने ललित कुमार शर्मा ने किसानों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से बी० पैक्स डिडौली में चेयरमैन अमरीश त्यागी, ग्राम प्रधान सविता, चेयरमैन प्रवीण त्यागी आरोह फाउंडेशन के डीसी इस्तियाक अहमद, एफ एल सी से कमालुद्दीन सीएफएल सेन्टर से रविन्द्र नागर और शुभम त्यागी सुधीर त्यागी ललित त्यागी हरिओम त्यागी ईश्वर दयाल शर्मा उपसभापति बी० पैक्स डिडौली सुधाकर त्यागी, मनोज माहेश्वरी, राजप्रकाश सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बी०पैकस के कानूनी सलाहकार सुधीर वशिष्ठ ने किया।

# जन समाज कल्याण हेतु यज्ञ- हवन का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** बाडा बारा शिव-मंदिर बेगमाबाद मोदीनगर में स्थित मंदिर में जन समाज कल्याण हेतु यज्ञ- हवन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर आए समाज के लोगों ने कहा कि समाज सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता इसलिए समाज के लोगों का अच्छा स्वास्थ्य रहे और वह विकास करें तभी समाज आगे बढ़ेगा। सभी को जन समाज कल्याण की कामना करनी चाहिए। जिसमें मुख्य रूप से सेठ देवीदास मित्तल, विनोद मित्तल ,पत्रकार अनिल मित्तल, पत्रकार राकेश शर्मा, पंडित चंद्रशेखर शर्मा, पंडित देवीशरण शर्मा पंडित भीष्म शर्मा, मंदिर पंडित सहदेव शर्मा, चौधरी नरेंद्र सिंह नेहरा आदि ने भाग लिया लिया।

# प्रख्यात कवि एवं कवयित्रियों से रचनाएँ आमंत्रित की गई: कवि ब्रजकण

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** अखिल भारतीय साहित्य मंच, मोदीनगर के अध्यक्ष कवि दरयाब सिंह राजपूत ₹ब्रजकण₹ द्वारा पारिवारिक सम्बन्धों पर आधारित जिसमें माँ-पिता, पति-पत्नी, बेटा- बेटी पर देश विदेश के प्रख्यात कवि एवं कवयित्रियों से रचनाएँ आमंत्रित की गई थीं। प्रसिद्ध कवि ब्रजकण ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 जून, 2025 इस काव्य संग्रह की रचनाएँ प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। माँ सरस्वती जी की कृपा से संग्रह पूर्णता प्राप्त कर चुका है, देश, विदेश से प्रेषित रचनाओं के लिए उन सभी महान कवि एवं कवयित्रियों का में अकिंचन ₹ब्रजकण₹ हृदय से



बहुत बहुत आभार प्रकट करता हूँ। अभी तक मेरे द्वारा तीन साँझा काव्य संग्रह 1. स्तवक 2. सरस्वती वंदनाएँ 3.₹अनमोल रत्न₹ (प्रकाशन में) प्रकाशित हो चुके हैं। भविष्य में निजी काव्य संग्रहों पर कार्य जारी रहेगा।

# सांसद डॉ राजकुमार सांगवान का कार्यकताओं ने किया स्वागत

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** आदर्शनगर में राष्ट्रीय लोकदल के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष जयवीर सिंह नेहरा के निवास पर बागपत लोकसभा के सांसद प्रो.डॉ राजकुमार सांगवान का आगमन हुआ। उनके साथ रालोद के प्रदेश महासचिव रणवीर सिंह दहिया, जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, कृष्ण चैम्पियन का भी आगमन हुआ।

सभी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। सभी ने नव नियुक्त जिला कमेटी को बधाई दीऔर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। इस मौके पर स्वागत करने वाले मयंक नेहरा, रोबिन नेहरा, राहुल,




शौरभ चौधरी, नवीन राठी उपस्थित रहे। इस मौके पर जयवीर सिंह नेहरा ने राष्ट्रीय लोकदल गाजियाबाद जिला उपाध्यक्ष बनाये जाने पर राष्ट्रीय जयन्त सिंह व क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह चैयरमेन, व जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी की का आभार व्यक्त किया।

# अर्बन वेस्ट मैनेजमेंट पुस्तक को प्रसिद्ध डिजिटल डिप्लोमेट डॉ डी पी शर्मा को समर्पित किया

वेलकम इंडिया

**धौलपुर राजस्थान।** सुरेश ज्ञान विहार विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (उऊडए) के निदेशक प्रोफेसर त्रिलोक कुमार जैन ने यूनाइटेड नेशंस के मिलेनियम डेवलपमेंट गोल एवं स्वच्छ भारत मिशन के महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी नवीनतम पुस्तक, ₹अर्बन वेस्ट मैनेजमेंट,₹ को प्रख्यात डिजिटल डिप्लोमेट, नीति निर्धारक और स्वच्छता एम्बेसडर डॉ डीपी शर्मा को समर्पित किया है जो स्वच्छता ही सेवा (भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी के एक मेगा मिशन) को अपना प्रमोशनल समर्थन प्रदान कर रहे हैं। डॉ डीपी शर्मा ने स्वच्छ भारत मिशन में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए जनता की राय को आकार देने और भारत में स्वच्छता और स्वच्छता पर नीति को प्रभावित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने अपने अथक प्रयासों, विचारशील लेखन और सार्वजनिक जागरूकता अभियान के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कुशल अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छता की आवश्यकता पर महत्वपूर्ण कार्य किया है। विभिन्न प्रमुख मीडिया प्लेटफार्मों में उनके लेखों और कॉलम ने न केवल जनता को शिक्षित किया है, बल्कि अनगिनत व्यक्तियों और संस्थानों को स्वच्छ भारत मिशन में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित भी किया है। राष्ट्रीय स्वच्छता और पर्यावरणीय कल्याण के लिए उनकी गहरी प्रतिबद्धता ने मिशन को सच्चे अर्थों में लोगों के आंदोलन में बदल दिया है। ज्ञात रहे कि प्रोफेसर डीपी शर्मा भारत की सुप्रसिद्ध हिंदी अखबार राजस्थान पत्रिका से स्वतंत्र स्तंभकार के रूप में भी जुड़े हुए हैं और समय-समय पर स्वच्छता मिशन से संबंधित अपने विचार राजस्थान पत्रिका को संप्रेषित करते रहते हैं। ज्ञात रहे कि प्रोफेसर डीपी शर्मा जब भी भारत आते हैं तो वह स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, सामुदायिक सहभागिता के साथ मिलकर इस स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने का प्रयास करते हैं। याद रहे कि यह पुस्तक यूनाइटेड नेशंस के मिलेनियम डेवलपमेंट गोल 19 एवं स्वच्छ भारत मिशन के शहरी कचरा प्रबंधन पर शोध आधारित बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए लिखी गई है। इस अवसर पर बोलते हुए, प्रो त्रिलोक कुमार जैन ने कहा, ₹शहरी अपशिष्ट प्रबंधन आज भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। बढ़ती शहरी आबादी ने कुशल, टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन को आज महत्वपूर्ण आवश्यकता बना दिया है। स्थानीय चुनौतियों और बाधाओं को ध्यान में रखते हुए इस पुस्तक को भारतीय संदर्भ में लिखा गया है। इसके अलावा इसमें वैश्विक नवाचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं को भी शामिल किया गया है। प्रोफेसर जैन ने बताया कि वह प्रो डॉ डीपी शर्मा की दृष्टि, स्वच्छता और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए उनके अथक वकालत से गहराई से प्रेरित हुए हैं और वे इस पुस्तक को उनकी प्रशंसा और सम्मान के निशान के रूप में समर्पित करते हुए सौभाग्यशाली महसूस कर रहें हैं। पुस्तक का उद्देश्य नीति निमार्ताओं, छात्रों, शहरी योजनाकारों, नगरपालिका अधिकारियों, शोधकताओं और शहरी विकास और स्थिरता में लगे सभी हितधारकों के लिए एक मूल्यवान संसाधन के रूप में काम करना है।

यह शहरी अपशिष्ट प्रबंधन की बढ़ती चुनौतियों का समाधान करने के लिए सामुदायिक भागीदारी, नीति सुधारों, नवीन प्रौद्योगिकियों और स्थायी प्रथाओं के महत्व पर प्रकाश डालना है। प्रो डी पी शर्मा ने, स्वच्छ भारत मिशन में निरंतर सार्वजनिक भागीदारी के महत्व पर जोर दिया हे।



# अकबरपुर बहरामपुर में लगेगा 10 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शहरवासियों को राहत दिलाने के लिए शहर विधायक संजीव शर्मा एक्शन मोड में हैं। भीषण गर्मी में अकबरपुर बहरामपुर क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर उन्होंने अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनता की तकलीफ अब और बर्दाश्त नहीं होगी। हर हाल में बिजली सप्लाई तुरंत दुरुस्त की जाए, चाहे इसके लिए कितनी भी बड़ी कार्रवाई करनी पड़े। शुक्रवार को विधायक ने स्वयं अकबरपुर बहरामपुर स्थित बिजलीघर का निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि बिजली सप्लाई किसी भी सूरत में बाधित न हो। उन्होंने कहा कि गर्मी से जनता बेहाल है, बीमारियाँ फैल रही हैं, और बच्चों-बुजुर्गों का जीना मुहाल हो गया है। शनिवार को फिर उन्होंने कविनगर स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय में यूपीपीसीएल लखनऊ के टेक्निकल डायरेक्टर एन.के. मिश्रा और डायरेक्टर कॉमर्शियल संजय जैन के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक के दौरान विधायक संजीव शर्मा ने अधिकारियों से सख्त लहजे में कहा कि जनता हमें चुनती है ताकि हम उनके सुख-दुख में खड़े रहें। बिजली जैसी बुनियादी जरूरत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मैं किसी भी बहाने या लापरवाही को स्वीकार नहीं करूंगा। समस्या का स्थायी समाधान चाहिए और वो तुरंत चाहिए। विधायक ने अधिकारियों के सामने 10 एमवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाने का प्रस्ताव रखा और कहा कि यह काम जल्द से जल्द शुरू किया जाए ताकि क्षेत्र में भविष्य में कोई संकट न हो। यूपीपीसीएल के दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि बहुत जल्द नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाएगा और बिजली संकट पर पूर्ण विराम लगेगा। विधायक के मीडिया सलाहकार अजय चोपड़ा ने जानकारी दी कि संजीव शर्मा बिजलीघरों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं और प्रतिदिन अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें कर रहे हैं ताकि जनता को 24 घंटे निर्बाध बिजली मिल सके।

## झाड़ियों में सड़ी-गली लाश को खा रहे थे स्ट्रीट डॉग्स

**गाजियाबाद।** टीला मोड़ थाना क्षेत्र स्थित इंद्रप्रस्थ आवासीय कॉलोनी जाने वाले रास्ते पर उस वक्त सनसनी फैल गई जब झाड़ियों से तेज बदबू आने लगी और लोगों ने वहां एक अधखाई, सड़ी-गली लाश को देखा। सबसे डरावनी बात यह थी कि उस शव को आवारा कुत्ते नोच-नोचकर खा रहे थे। यह मंजर इतना भयावह था कि देखने वालों की रूह कांप गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तुरंत टीला मोड़ पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही टीला मोड़ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर करतार सिंह फील्ड यूनिट के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की गई। घटनास्थल पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाने का काम शुरू किया। शालीमार गार्डन एसीपी अतुल कुमार सिंह ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि मृतक की शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है, लेकिन उसकी हालत और कपड़ों की स्थिति देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि वह कोई मैकेनिक हो सकता है। मृतक के कपड़े पूरी तरह काले ग्रीस और तेल से सने हुए थे, जिससे यह अंदाजा लगाया गया है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि युवक की हत्या कहीं और की गई।

# साहिबाबाद में बिजली नहीं, अफसरों की नींद गायब

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** ट्रांस हिंडन क्षेत्र में बिजली संकट अब लोगों के सब्र का इम्तिहान ले रहा है। कटौती, ट्रिपिंग और लो वोल्टेज की मार से बेहाल नागरिकों की रातें नींद में नहीं, बल्कि पसीने और गुस्से में कट रही हैं। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि जब उपभोक्ता बिजली अधिकारियों को कॉल करके सप्लाई की जानकारी मांगते हैं, तो अधिकारी फोन काट देते हैं और दोबारा कॉल उठाना भी मुनासिब नहीं समझते। स्थानीय निवासियों का कहना है कि शुक्रवार की रात से लेकर शनिवार तक लगातार बिजली की आवाजाही जारी रही। इंद्रप्रस्थ कॉलोनी, शालीमार गार्डन, अर्थला, वसुंधरा और शहीदनगर जैसे क्षेत्रों में घंटों बिजली गायब रही। इंद्रप्रस्थ में रात 9:47 बजे कटौती शुरू हुई, लेकिन आधी रात तक भी बहाल नहीं हुई। कॉलोनी निवासी गौरव और अमित जैसे लोगों ने सोशल मीडिया पर अपने गुस्से का इजहार करते हुए बताया कि अधिकारियों को कॉल करने पर कोई जवाब नहीं मिलता। जवाब मिलता भी है तो फोन तुरंत काट दिया जाता है। लोगों का कहना है कि सिर्फ बिजली की कटौती ही नहीं, बल्कि अधिकारी भी जवाबदेही से पूरी तरह कटे हुए हैं। इंटरनेट मीडिया पर दर्जनों लोग लगातार शिकायतें दर्ज करा रहे हैं। किसी ने लिखा कि बिजली विभाग के कर्मचारी खुद बिजली चोरी कर रहे हैं, जिससे ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो रहे हैं और जंपर उड़ रहे हैं। एक उपभोक्ता ने लिखा कि बिजली निजी हाथों में चली जाए, तभी शायद आम आदमी को राहत मिले। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि सुबह होते ही बिजली की आँख मिचौली शुरू हो जाती है और रात तक जारी रहती है। वैशाली, इंदिरापुरम, वसुंधरा सेक्टर 9 और 11, कौशांबी, शहीदनगर जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में शनिवार को 3 से 6 घंटे तक बिजली नहीं थी। गर्मी की मार झेल रहे लोगों के पास अब कोई विकल्प नहीं बचा है। शासन ने अधिकारियों को चौबीसों घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के स्पष्ट आदेश दे रखे हैं, इसके बावजूद विभाग की कार्यशैली में कोई सुधार नहीं दिख रहा।

## चोरों ने दुकान से उड़ाए नकदी और लाखों का सामान

**गाजियाबाद।** शहर में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। नंदग्राम थाना क्षेत्र में स्थित रॉयल लिवास कलेक्शन नाम की दुकान से चोरों ने नौ जून की रात को नकदी और लाखों रुपये का कीमती सामान चुरा लिया। पूरी घटना पड़ोसी दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें चोर सफेद रंग की कार में चोरी का सामान भरते हुए साफ नजर आ रहे हैं। पीड़ित फैसल, जो हिंडन विहार के निवासी हैं, ने 10 जून को इस संबंध में थाना नंदग्राम में शिकायत दर्ज कराई है। फैसल ने बताया कि वे रोज की तरह 10 जून की सुबह करीब 9:30 बजे जब अपनी दुकान पहुंचे तो अंदर का नजारा देखकर हैरान रह गए। दुकान का ताला टूटा हुआ था और सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि लगभग 30 हजार रुपये नकद और करीब तीन लाख रुपये मूल्य का सामान चोरी हो चुका है। फैसल ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस ने जब आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो चौंकाने वाले दृश्य सामने आए। बदमाश सफेद रंग की एक कार से दुकान के पास आते हुए दिखाई दे रहे हैं। फुटेज में साफ दिख रहा है कि उन्होंने बड़ी चतुराई से दुकान का ताला तोड़ा और सारा सामान कार में लाद लिया। तड़के करीब 3:15 बजे आरोपी फरार हो गए। इस वारदात के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है और स्थानीय दुकानदारों ने भी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। पीड़ित का कहना है कि यदि इलाके में रात्रि गश्त और चेकिंग की व्यवस्था होती तो इस तरह की घटना को टाला जा सकता था। एसीपी नंदग्राम का कहना है कि पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और फुटेज के आधार पर जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इलाके में लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की मदद से भी बदमाशों की पहचान की जा रही है। यह घटना पुलिस की रात्रि गश्त और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। जब चोर इतनी आसानी से दुकान में घुसकर लाखों की चोरी कर लेते हैं और फरार हो जाते हैं, तो आमजन की सुरक्षा कितनी पुख्ता है यह सवाल अभी भी बना हुआ है।

## व्हाट्सऐप लिंक बना 2.61 लाख की ऑनलाइन ठगी

**गाजियाबाद।** साइबर ठगों का जाल अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स तक फैल चुका है, जहां भोले-भाले नागरिक झांसे में आकर अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई गंवा बैठते हैं। ताजा मामला गाजियाबाद के नंदग्राम क्षेत्र का है, जहां एक व्यक्ति से मुनाफे का लालच देकर 2.61 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, शांति नगर, आश्रम रोड निवासी अभिषेक गुप्ता को पिछले महीने व्हाट्सऐप पर एक लिंक प्राप्त हुआ। लिंक पर क्लिक करते ही वह एक ग्रुप से जुड़ गए, जहां उन्हें फर्जी निवेश योजनाओं में लाभ कमाने का झांसा दिया गया। शुरुआत में बातचीत इतनी विश्वसनीय तरीके से की गई कि अभिषेक को यह सब असली लगने लगा। जालसाजों ने धीरे-धीरे निवेश करने को कहा और 24 मई से 2 जून के बीच अभिषेक ने कुल 2.61 लाख रुपये विभिन्न चरणों में ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। जब लगातार पैसा देने के बावजूद लाभ की कोई सूचना नहीं मिली और संपर्क टूट गया, तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित ने पांच जून को ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत की और इसके बाद 8 जून (शनिवार) को नंदग्राम थाने में मामला दर्ज कराया। अब पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर जांच शुरू कर दी है। नंदग्राम क्षेत्र के एसीपी ने बताया कि पीड़ित द्वारा ट्रांसफर की गई राशि को फ्रीज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि साइबर सेल के सहयोग से जालसाजों की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जाएगी। यह घटना एक बार फिर चेतावनी देती है कि सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर अनजान लिंक या ग्रुप से जुड ?ा भारी नुकसान का कारण बन सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी प्रकार के निवेश से पहले उसकी वैधता की पुष्टि करना आवश्यक है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध मैसेज, लिंक या कॉल पर प्रतिक्रिया देने से पहले सतर्क रहें और कोई वित्तीय लेन-देन करने से पहले जानकारी की पुष्टि करें। साथ ही, ठगी की स्थिति में तुरंत साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते रकम को रोका जा सके।

## कार सवार पिता-पुत्र पर रात के अंधेरे में चली गोली

**गाजियाबाद।** नंदग्राम क्षेत्र में आपसी रंजिश ने हिंसा का ऐसा रूप ले लिया कि रात के सन्नाटे में एक पिता-पुत्र पर गोलियां चल गईं और उनकी कार पर पथराव हुआ। घटना 9 जून की रात करीब 1:45 बजे की है जब हिंडन विहार निवासी रिजवान अपने बेटे सादान के साथ दिल्ली से लौट रहे थे। जैसे ही वे हिंडन विहार पहुंचे, उनके ऊपर सुनियोजित तरीके से हमला किया गया। गाड़ी की बालकनी से गोली चलाई गई, फिर सड़क पर हथियारबंद युवक घेरने आ गए। पीड़ित रिजवान का आरोप है कि इमरान और परवेज ने अपने मकान की बालकनी से उनकी गाड़ी पर गोली चलाई, जबकि शाहरुख, फैसल, सारिक और कासिफ लाठी, डंडों और धारदार हथियार लेकर सड़क पर आ गए और गाड़ी रोकने की कोशिश की। जब वे नहीं रुके तो उन पर पत्थर बरसाए गए, जिससे गाड़ी का शीशा टूट गया और जान पर बन आई। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है और हमलावरों की तलाश में दबिशें दी जा रही हैं।

## पति की बेवफाई से टूटी उम्मीदें, महिला ने खाया जहर

**गाजियाबाद।** मोदीनगर क्षेत्र की एक महिला ने शनिवार को उस वक्त जहर खा लिया जब उसने अपने पति पर बिना तलाक दिए दूसरी शादी की तैयारी करने का गंभीर आरोप लगाया। पति की बेवफाई और ससुराल से लगातार मिल रहे तिरस्कार से टूट चुकी महिला थाने पहुंची, जहां उसकी बिगड़ती हालत देखकर पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। महिला को तत्काल मोदीनगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे गंभीर अवस्था में मेरठ रेफर कर दिया गया। घटना बाग कॉलोनी की रहने वाली प्रीति शर्मा से जुड़ी है, जिनकी शादी तीन साल पहले इंद्रापुरी कॉलोनी निवासी दीपक शर्मा से मंदिर में हुई थी। प्रीति का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोगों का व्यवहार प्रताड ?ात्मक रहा और उन्हें कभी सम्मानजनक स्थान नहीं मिला। वह लंबे समय से किराए के मकान में अकेली रह रही हैं।

# पुलिस कमिश्नर ने किया पिंक बूथ और ट्रैफिक व्यवस्था पर औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड एक बार फिर एक्शन में आ गए है। शनिवार को उन्होंने एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी के साथ विजयनगर थाना क्षेत्र में स्थित जल निगम पिंक बूथ का औचक निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। पिंक बूथ परिसर और कार्यालय की सफाई व्यवस्था, आगंतुकों के लिए बैठने की सुविधा, स्वच्छ वॉशरूम और सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता की समीक्षा करते हुए उन्होंने मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि महिला सुरक्षा और जनसुविधा के मद्देनजर कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अभिलेखों और रजिस्टरों के रख-रखाव को लेकर भी नाराजगी जताते हुए कहा कि हर रिकॉर्ड अद्यतन और सुव्यवस्थित होना चाहिए, ताकि किसी भी स्थिति में त्वरित कार्रवाई संभव हो सके। पुलिस कमिश्नर ने पिंक बूथ प्रभारी और विजयनगर थाने के एसएचओ को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की शिथिलता पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसके बाद पुलिस कमिश्नर ने विजयनगर और क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्रों में पैदल भ्रमण किया और यातायात व्यवस्था की स्थिति का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क पर ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाते पाए गए वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए। खास तौर पर बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों, बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन चालकों और नशे में ड्राइविंग करने वालों के खिलाफ तत्काल और लगातार अभियान चलाने के निर्देश दिए। पुलिस आयुक्त गौड़ ने कहा कि जनसुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इसके लिए हर स्तर पर कठोर कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि गाजियाबाद में पुलिसिंग का नया चेहरा मजबूत, सतर्क और जनहितकारी होगा, जहां न लापरवाही की गुंजाइश होगी और न ही अपराध के लिए कोई जगह। शहरवासियों के बीच पुलिस कमिश्नर की सक्रियता को लेकर सकारात्मक संदेश गया है।

# ड्यूटी से नदारद डॉक्टर, गर्मी में लाइन में तड़पते मरीज



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** संजयनगर स्थित संयुक्त अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की हालत दिनों-दिन बिगड़ती जा रही है। अस्पताल की ओपीडी में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक डॉक्टरों के लापता रहने की गंभीर शिकायतें सामने आई हैं। मरीज घंटों तक लंबी कतारों में खड़े होकर इंतजार करते हैं, लेकिन चिकित्सक अपने ओपीडी कक्ष से गायब रहते हैं। गर्मी से बेहाल मरीज या तो जमीन पर बैठ जाते हैं या बेंच पर लेटकर राहत पाने की कोशिश करते हैं। इस लापरवाही पर लंबे समय से मरीजों द्वारा की जा रही शिकायतों को अब अस्पताल प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। सीएमएस डॉ. संजय गुप्ता ने सभी चिकित्सकों को कड़ी चेतावनी के साथ नोटिस जारी कर दिया है। नोटिस में स्पष्ट कहा गया है कि जो डॉक्टर या स्वास्थ्यकर्मी ओपीडी की तय समयसीमा (सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक) के दौरान अनुपस्थित पाए जाएंगे या ड्रेस कोड का पालन नहीं करेंगे, उनके खिलाफ उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी जाएगी और जिम्मेदारी संबंधित की खुद की होगी। सीएमएस ने नोटिस में लिखा कि ओपीडी में देरी से पहुंचने वाले चिकित्सकों की वजह से मरीजों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# तेज रफ्तार स्कूटी ने छीनी जिंदगी, सवालों के घेरे में सुरक्षा व्यवस्था

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह उस वक्त एक दर्दनाक हादसा हो गया जब तेज रफ्तार से दौड़ती स्कूटी डिवाइडर से टकराकर चकनाचूर हो गई। यह हादसा भोजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव मुरादाबाद के पास हुआ, जहां स्कूटी सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि महिला सवार गंभीर रूप से घायल हो गई। खास बात यह रही कि जिस एक्सप्रेसवे पर दोपहिया वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से प्रतिबंधित है, वहां स्कूटी आराम से दौड़ती रही, लेकिन किसी भी चेक प्वाइंट या पुलिसकर्मी ने उन्हें रोका नहीं। मृतक की पहचान उत्तराखंड के हरिद्वार जिले के कलियर निवासी 24 वर्षीय कासिम पुत्र जावेद के रूप में हुई है, जो लंबे समय से लोनी में रह रहे थे। शनिवार की सुबह वे अपनी परिचिता मुस्कान के साथ स्कूटी पर सवार होकर मेरठ से दिल्ली की ओर जा रहे थे। एक्सप्रेसवे पर जब वे गांव मुरादाबाद के निकट पहुंचे, तभी स्कूटी अचानक अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची भोजपुर पुलिस ने दोनों को तुरंत मेरठ के अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने कासिम को मृत घोषित कर दिया, जबकि मुस्कान का इलाज जारी है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा न केवल एक व्यक्ति की असामयिक मृत्यु की त्रासदी है, बल्कि एक्सप्रेसवे पर सुरक्षा और नियमों के पालन को लेकर जिम्मेदार तंत्र की लापरवाही को भी उजागर करता है।

# ड्रीमलाइनर विमान हादसे पर राष्ट्रीय व्यापार मंडल आक्रोशित, हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने शनिवार को ड्रीमलाइनर विमान हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए एक सशक्त विरोध दर्ज कराया। संगठन की ओर से कविनगर केजी-35 स्थित जिला अध्यक्ष बाल किशन गुप्ता के कार्यालय पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें हादसे में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया तथा मोमबत्ती जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस दुखद घटना में अहमदाबाद से लंदन जा रहे विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 300 से अधिक मासूम यात्रियों की मौत हो गई। राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने इस हादसे को रखरखाव में लापरवाही का घातक परिणाम बताया और इसे मानवता के खिलाफ अपराध करार देते हुए विमान रखरखाव समिति को हत्यारा कहा। बालकिशन गुप्ता, पंडिगत अशोक भारतीय ने कहा कि दिल्ली से अहमदाबाद तक यात्रा करने वाले एक यात्री ने विमान की खराबी की शिकायत पहले ही दर्ज कराई थी, बावजूद इसके विमान को लंदन भेजा गया। यह सीधा-सादा लापरवाही नहीं, बल्कि जानबूझकर की गई घातक भूल है, जिसे किसी भी कीमत पर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने केंद्र सरकार से मांग की है कि इस हादसे की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।

# नहीं रुकेगा बुलडोजर, ग्रेटर नोएडा के अवैध निर्माणों पर, ग्रेनो प्राधिकरण का रोस्टर हुआ तैयार

वेलकम इंडिया

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** अधिसूचित क्षेत्र में अवैध निर्माण को लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण अब और सख्त हो गया है। अधिग्रहीत जमीन पर हुए अवैध निर्माण को अब बिना नोटिस ध्वस्त किया जाएगा। प्राधिकरण, पुलिस और प्रशासन ने मिलकर कार्रवाई करने का खाका तैयार किया है। जून और जुलाई माह में 20 से अधिक अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी है। प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा ईस्ट और वेस्ट इलाके में ग्रामवार अवैध निर्माण चिंहित कर सूची तैयार की गई है। अवैध निर्माण की सबसे ज्यादा शिकायत ग्रेटर नोएडा वेस्ट इलाके में है। इसके खिलाफ अभियान चलाने को लेकर प्राधिकरण, पुलिस और प्रशासन के उच्चाधिकारियों की बैठक हो चुकी है। अधिकारी के मुताबिक अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करने की कार्यसूची (रोस्टर) तैयार कर ली गई है। जून और जुलाई माह में 20 से अधिक अवैध कालोनियों पर बुल्डोजर चलाने की तैयारी है। यह कार्रवाई प्राधिकरण, पुलिस और प्रशासन मिलकर करेंगे। किस दिन कहां पर कार्रवाई की जाएगी, इसकी जानकारी सार्वजनिक नहीं की जाएगी।



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने कहा, "ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित क्षेत्र में अवैध निर्माण कर जमीन कब्जाने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। पुलिस, प्रशासन के सहयोग से लगातार कार्रवाई की जाएगी। इसकी कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। अवैध निर्माण चिन्हित कर सूची तैयार कर ली गई है। दोबारा कब्जा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**टीम करेगी पहरेदारी :** अवैध निर्माण पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाने के लिए सभी वर्क सर्किल में प्रबंधक, सहायक प्रबंधक, तकनीकी सुपरवाइजर और सुपरवाइजर की एक टीम गठित की जाएगी। इस संबंध में परियोजना विभाग के सभी वरिष्ठ प्रबंधकों को निर्देश दिए गए हैं। इस टीम का काम नियमित रूप से पहरेदारी करना होगा। नया अवैध निर्माण प्रारंभ होते पाया जाए तो उसकी सूचना तत्काल संबंधित वर्क सर्किल के वरिष्ठ प्रबंधक को देते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। यही नहीं छोटे-मोटे अवैध निर्माण को तत्काल हटाया जाएगा।

